आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

दैनिक
# हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 26 | अंक - 141 | उज्जैन, शनिवार 13 अप्रैल 2024 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

## मतदाता जागरुकता अभियान में तेजी लायें, मतदान की सभी तैयारियाँ कर लें - मुख्य निर्वाचन आयुक्त




भोपाल। मुख्य निर्वाचन आयुक्त, श्री राजीव कुमार ने आज निर्वाचन सदन, नई दिल्ली से लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिये नियुक्त सामान्य, पुलिस एवं व्यय प्रेक्षकों के साथ वीसी के जरिये तैयारियों की समीक्षा बैठक की। बैठक में निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार एवं डॉ. सुखबीर सिंह संधू भी उपस्थित थे।

बैठक में मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री कुमार ने विभिन्न राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों में निर्विघ्न निर्वाचन सम्पन्न कराने के लिये नियुक्त केन्द्रीय प्रेक्षकों से सीधी चर्चा कर फीडबैक लिया। श्री कुमार ने प्रेक्षकों से कहा कि वे अपने-अपने संसदीय क्षेत्र से मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिये मतदाता जागरुकता अभियान मे तेजी लायें। प्रयास यह होना चाहिए कि मतदान के दिन मतदाता अपने घरों से निकल कर मतदान जरूर करें। कोई भी मतदाता मतदान करने से वंचित न रहे।

श्री कुमार ने कहा कि सभी प्रेक्षक निर्विघ्न मतदान के लिये सभी तैयारियाँ अपनी निगरानी में करायें। मतदान के समय तेज गर्मी हो सकती है, इसीलिये सभी मतदान केन्द्रों में छाया, ठंडा पानी, दवाईयां, ओआरएस पैकेट आदि अवश्य उपलब्ध रहें। मतदान करने के लिये मतदान केन्द्र में आने पर मतदाताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए।

### केंद्रीय प्रेक्षकों को दिये गये निर्देश

सभी निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान के लिए पहले से तैयारी करना और सभी उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करायें। संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के भीतर भौतिक रूप से उपलब्ध रहकर पूरी चुनाव प्रक्रिया के दौरान सजग व सतर्क रहें। उम्मीदवार और राजनीतिक दलों के बीच मोबाइल/ लैंडलाइन/ ईमेल/रहने के स्थान और प्रसार का व्यापक प्रकाशन करायें, इससे वे आम जनता/उम्मीदवार और राजनीतिक दलों के लिए दैनिक आधार पर दिये गये नंबरों/पते पर उपलब्ध हों।

बलों की तैनाती का रेंडमाईजेशन, दिव्यांगों के लिये पोस्टल बैलेट के प्रबंध मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने निर्देशित किया है कि सुनिश्चित करें कि केंद्रीय बलों/राज्य पुलिस बलों का उपयोग विवेकपूर्ण तरीके से किया जा रहा है और तटस्थता बनाए रखी जा रही है। ईवीएम/वीवीपैट एवं मतदान कर्मियों का अपनी उपस्थिति में रैंडमाइजेशन करायें। 85 वर्ष से अधिक और दिव्यांगजनों के लिए घर पर मतदान और व्यक्तियों के लिए पोस्टल बैलेट की प्रक्रिया सुचारू रूप से सम्पन्न हो।

## रामेश्वरम कैफे ब्लास्ट केस में NIA को मिली बड़ी सफलता, मास्टरमाइंड सहित 2 को बंगाल से दबोचा




नई दिल्ली (एजेंसी)। रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले की जांच कर रही राष्ट्रीय जांच एजेंसी को बड़ी सफलता हाथ लगी है। एनआईए ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के पास से दो लोगों को गिरफ्तार किया है। कैफे में आईईडी रखने वाले आरोपी मुसाविर हुसैन शाजिब और विस्फोट की योजना बनाने और उसे अंजाम देने के मास्टरमाइंड अब्दुल मथीन ताहा के रूप में दोनों की पहचान की गई है।

एनआईए ने हाल ही में एक मार्च को बेंगलुरु के एक कैफे में हुए विस्फोट के मामले में मुख्य आरोपी के रूप में मुसाविर हुसैन शाजिब और सह-षड्यंत्रकारी के रूप में अब्दुल मतीन ताहा की पहचान की है। एनआईए के एक प्रवक्ता ने कहा कि फरार आरोपियों का पता लगाने और उन्हें गिरफ्तार करने के प्रयासों के तहत, एनआईए ने कर्नाटक, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश में 18 स्थानों पर तलाशी ली थी।

रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले में एनआईए ने आईईडी के जरिये धमाके को अंजाम देने के आरोपी व्यक्ति की पहचान मुसाविर हुसैन शाजिब और सह-षड्यंत्रकारी की पहचान अब्दुल मतीन ताहा के रूप में की थी। दोनों कर्नाटक के शिवमोगा जिले के रहने वाले हैं। घटना को अंजाम देने के बाद वे बंगाल चले गए थे।

## राजनयिक निकाले जाने के बाद अब कनाडा ने कम कर दिया भारतीय स्टाफ, बताई वजह



नई दिल्ली (एजेंसी)। कनाडा ने भारत में मौजूद अपने राजनयिक मिशनों से भारतीय स्टाफ की संख्या कम कर दी है। भारत सरकार ने बीते साल कनाडा के 41 राजनयिकों को वापस भेजने का आदेश दिया था। इसके बाद अब कनाडा का कहना है कि जब हमारे राजनयिकों की संख्या ही भारत में कम है तो फिर हमें उनके लिए तैनात स्टाफ में भी कटौती करनी पड़ेगी। राजनयिकों की संख्या भारत की ओर से कम करने के आदेश के बाद ही कनाडा ने मुंबई, चंडीगढ़ और बेंगलुरु में अपने कौंसुलेट्स को भी बंद कर दिया है।

अब तक यह जानकारी नहीं मिली है कि कनाडा ने कितने भारतीय स्टाफ को हटाया है, लेकिन इसका आंकड़ा 100 तक कहा जा रहा है। स्टाफ में कटौती की पुष्टि करते हुए कनाडा के उच्चायोग के एक अधिकारी ने कहा कि भले ही यह कठिन फैसला है, लेकिन हमारे राजनयिकों की ही संख्या कम होने के चलते ऐसा करना पड़ा।

हालांकि उन्होंने एक चीज साफ की है कि भारत में कनाडा के वीजा आवेदन केंद्र पहले की तरह ही चालू रहेंगे।

## भारत की सैन्य ताकत से कापेंगे दुश्मन, 97 LCA मार्क 1A लड़ाकू विमानों की खरीद के लिए टेंडर जारी



नई दिल्ली (एजेंसी)। रक्षा मंत्रालय देश में निर्मित 97 एलसीए मार्क 1A लड़ाकू विमानों की खरीद करने वाला है। इसके लिए सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड को 65,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत का टेंडर जारी किया है। भारत सरकार की ओर से स्वदेशी सैन्य हार्डवेयर का अब तक का सबसे बड़ा ऑर्डर होगा।

मिनिस्ट्री की ओर से हाल ही में HAL को टेंडर जारी किया और उसे इसका जवाब देने के लिए 3 महीने का समय दिया है। अधिकारियों ने बताया कि इससे भारतीय वायुसेना को मिग-21, मिग-23 और मिग-27 के अपने बेड़े को बदलने में मदद मिलेगी। इन्हें धीरे-धीरे समाप्त कर दिया गया है या फिर निकट भविष्य में पूरी तरह से हटा दिया जाएगा।

रिपोर्ट के मुताबिक, रक्षा मंत्रालय और वायुसेना मुख्यालय की ओर से पूरी तरह से समर्थित स्वदेशी लड़ाकू विमान कार्यक्रम स्वदेशीकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है। साथ ही देश भर में रक्षा व्यवसाय में लगे छोटे और मध्यम उद्यमों को बड़ा काम देने का यह प्रयास है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एचएएल को मजबूत करने पर काफी जोर दे रहे हैं। सरकार ने इसे सभी प्रकार के स्वदेशी लड़ाकू विमानों, हेलीकॉप्टरों के साथ-साथ उनके लिए इंजन बनाने का ऑर्डर दिया है। पीएम मोदी ने खुद स्वदेशी लड़ाकू विमान के ट्रेनर वैरिएंट में उड़ान भरी थी, जो किसी भी लड़ाकू विमान में भारत के प्रधानमंत्री की ओर से पहली बार उड़ान थी।

## बारिश और बर्फबारी का अलर्ट; तूफान की भी संभावना



नई दिल्ली (एजेंसी)। तपती गर्मी के बीच भारत मौसम विज्ञान विभाग ने राहत की खबर दी है। आईएमडी के द्वारा अगले दो दिनों के दौरान जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश में भारी बर्फबारी और बारिश की चेतावनी जारी की गई है। आईएमडी ने इन राज्यों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। आईएमडी का अनुमान है कि 13 और 14 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश में अलग-अलग जगहों पर भारी बारिश और बर्फबारी हो सकती है। वहीं, आईएमडी ने ओडिशा के लिए हीटवेव का भी अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा है कि 11-13 अप्रैल के दौरान मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, विदर्भ, मराठावाड़ा और मध्य महाराष्ट्र में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। इसके अलावा 11-13 अप्रैल के दौरान पश्चिम बंगाल, झारखंड, ओडिशा, बिहार और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में गरज के साथ हल्की बारिश के आसार बन रहे हैं।

इस दौरान बिजली गिरने की भविष्यवाणी की गई है। आईमडी ने कहा है कि 11-15 अप्रैल तक तेलंगाना, केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल में अलग-अलग जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना है। वहीं, 13-15 अप्रैल तक उत्तर प्रदेश, पंजाब और हरियाणा में जबकि 11-15 अप्रैल तक राजस्थान में गरज, बिजली और तेज हवाओं के साथ बारिश हो सकती है।


## सुरक्षा के मद्देनजर भारतीय वाणिज्य दूतावास के कर्मचारियों को किया गया स्थानांतरित



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत ने म्यांमार के लगातार बिगड़ते हुए हालातों को देखते हुए सिटवे में स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास से अपने कर्मचारियों को यांगून में स्थानांतरित कर दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को बताया कि भारत म्यांमार की सुरक्षा स्थिति पर करीब से नजर रख रहा है।

विदेश मंत्रालय ने क्या कुछ कहा- MEA प्रवक्ता जायसवाल ने अपनी साप्ताहिक ब्रीफिंग में कहा कि हम म्यांमार में खासकर रखीन राज्य में सुरक्षा स्थिति पर करीब से नजर रख रहे हैं। हमारे नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए गए हैं।

## जंग और व्यापार, दोनों पर बड़ी पकड़- भारत ने बनाया सबसे बड़ा नेवी बेस; क्यों जल-भुन रहा पाकिस्तान?



नई दिल्ली (एजेंसी)। ईरान-पाकिस्तान और ईरान-इजरायल के बीच चल रहे तनातनी के बीच भारत ने अरब सागर में पाकिस्तान के ठीक बगल में सबसे बड़ा नौसैनिक अड्डा तैयार किया है। यह स्वेज नहर के पूरब में अरब सागर में अब तक का सबसे बड़ा भारतीय नौसैनिक अड्डा है, जहां भारतीय नौसेना के सबसे बड़े युद्धपोत 44500 टन भार वाले INS विक्रमादित्य को खड़ा किया जा सकता है। यह भारत के पश्चिमी समुद्री तट पर कर्नाटक के कारवार में स्थित है, जो देश के तीन बड़े नेवी बेस में सबसे बड़ा है।

इसे INS कदंबा या कारवार बेस या प्रोजेक्ट सीबर्ड कहा जाता है। इस नौसैनिक अड्डे पर भारत की पहली शिप-लिफ्ट सुविधा है, जो डॉकिंग और अनडॉकिंग के लिए पनडुब्बियों और युद्धपोतों को शिप-लिफ्ट करेगी। पाकिस्तान के करीब स्थित यह अड्डा वर्जीनिया में अमेरिकी नौसेना के विशाल नॉरफ़ॉक नौसैनिक अड्डे के जैसा ही है। नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने 9 अप्रैल को ऑफशोर पेट्रोल वेसल्स (ओपीवी) के लिए 350 मीटर लंबे प्रमुख घाट और नौसेना बेस कारवार में एक आवासीय परिसर का भी उद्घाटन किया है।

आईएनएस कदंबा या कारवार अड्डा नौसेना द्वारा विशेष रूप से नियंत्रित बंदरगाह है। यह नौसेना को व्यापारिक जहाजों की आवाजाही की चिंता किए बिना अपने परिचालन बेड़े की स्थिति और संचालन की अनुमति देता है। इस नेवी बेस पर कुल तीन एयरक्राफ्टर कैरियर हैं। यहां 32 पनडुब्बियां और 50 जंगी जहाज को डॉक किया जा सकेगा। इसके अलावा यहां पर 23 यार्डक्राफ्ट होंगे।

इस नौसैनिक अड्डे पर एयर स्टेशन, नौसैनिक डॉकयार्ड, 4 कवर्ड ड्राई बर्थ और 400 बेड के अस्पताल की भी सुविधा है। इसके अलावा यहां सैनिक एयर स्टेशन बनाया जा रहा है ताकि यहां पर हेलिकॉप्टर्स, मानवरहित एरियल व्हीकल, ड्रोन्स और मीडियम ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट खड़े हो सकें। इसके अलावा यहां पर सिविल टर्मिनल भी बनाया जा रहा है। इस नौसैनिक अड्डे पर जंगी जहाजों,पनडुब्बियों और अन्य सैन्य साजो सामान को डॉक करने के अलावा उसकी मरम्मति भी की जा सकेगी।

INS कदंबा की शुरुआत 2005 में हुई थी लेकिन इसकी जरूरत 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के समय ही महसूस की गई थी। उस वक्त मुंबई हार्बर पर काफी भीड़ थी, जिसकी वजह से सेना को सुरक्षा चुनौतियों का सामना करना पड़ा था। अब यह पाकिस्तान के सबसे निकट नौसैनिक बेस है लेकिन उसके सभी फाइटर जेट विमानों की रेंज से दूर है।

# देश करे रीसेट और रीस्टार्ट, पूर्व राष्ट्रपति अल्वी ने देशवासियों को दी अपनी किस्मत बदलने की सलाह



नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने पाकिस्तान के आवाम को अपना भाग्य बदलने की सलाह दी है। यह भाग्य बदलने का काम रीसेट, अल्ट-डेल और रिस्टार्ट करने से होगा। मतलब यह है कि जो हो चुका उसको भूलकर भविष्य में आगे बढ़ने की बात कही गई है।

पूर्व राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने जोर देकर कहा कि राजनीतिक मतभेदों के कारण इस देश की यह हालत हुई है। पाकिस्तान गरीब जरूर है लेकिन मेहनती राष्ट्र बनने और बेहतर देश बनने का हकदार है।

पूर्व राष्ट्रपति अल्वी ने देश को आगे बढ़ने की दी सलाह - साल 2018 से मार्च 2024 तक पाकिस्तान के राष्ट्रपति रहे अल्वी ने नकदी संकट से जूझ रहे देश की वर्तमान स्थिति की आलोचना की। गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर पूर्व राष्ट्रपति अल्वी ने देश को आगे बढ़ने की सलाह दी।

देश को एक बार फिर नई शुरूआत करनी होगी- पूर्व राष्ट्रपति ने कहा, कुछ लोगों का यह तर्क कि यह पहले भी हो चुका है और दूसरों ने भी ऐसा ही किया है। इस रास्ते पर आगे बढ़ने का कोई औचित्य नहीं है, क्योंकि इस सोच से आगे बढ़ने का कोई रास्ता नहीं है। उन्होंने कहा, ÷हमारे भाग्य को बदलने के लिए दोबारा सोचना होगा और फिर से एक नई शुरूआत करनी होगी।

हम बेहतर के हकदार- आरिफ अल्वी ने कहा, यह कौन करेगा? यह कौन कर सकता है? क्या यह संभव भी है? मुझे लगता है कि यह हो सकता है, क्योंकि हमारे पास क्षमता है और यह देश गरीब है लेकिन मेहनती देश है निश्चित रूप से हम बेहतर का हकदार है।

# रमजान के दौरान कराची में डकैती का विरोध करने पर 19 लोगों की हत्या, 55 घायल

नई दिल्ली (एजेंसी)। रमज़ान 2024 के दौरान कराची में अपराध में वृद्धि देखी गई, जिसमें डकैतियों के विरोध के परिणामस्वरूप 19 मौतें हुईं और 55 लोग घायल हुए। एआरवाई न्यूज़ की रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने खुलासा किया कि डकैती की कोशिश के दौरान कराची में 19 नागरिकों की मौत हो गई। वारदात में शामिल लुटेरे हथियार से लैस थे।

इस साल शहर में डकैती से संबंधित मौतों में उल्लेखनीय बढ़त देखी गई है, जो कुल मिलाकर 56 हो गई है, जबकि 200 से अधिक लोग घायल हुए हैं।




पिछले साल रमजान में 25 मौतें हुई थी-इसकी तुलना में पिछले साल इसी अवधि में डकैतियों के खिलाफ प्रतिरोध के कारण 25 मौतें हुईं थी और 110 घायल हुए थे। 2023 में आंकड़े चिंताजनक रूप से अधिक थे समान परिस्थितियों के कारण 108 मौतें और 469 घायल हुए थे।

कराची पुलिस ने इस वर्ष लुटेरों के साथ 425 मुठभेड़ की, जिसमें 55 डकैत मारे गए और 439 घायल हो गए। नागरिक-पुलिस संपर्क समिति (सीपीएलसी) की एक रिपोर्ट के अनुसार, 2024 के पहले तीन महीनों में 22,627 अपराध दर्ज किए गए, जिनमें 59 मौतें और डकैती प्रतिरोध से उत्पन्न 700 से अधिक का घायल होना शामिल है।

इसके अलावा इस अवधि में 373 कारें, 15,968 मोटरसाइकिलें और 6,102 मोबाइल फोन चोरी या छीने जाने की सूचना मिली।


### भारत के बायकॉट पर मालदीव का नया पैंतरा, पर्यटक भेजने के लिए गिड़गिड़ा रहा



नई दिल्ली (एजेंसी)। मोहम्मद मुइज्जू के राष्ट्रपति बनने के बाद मालदीव के भारत से रिश्ते खराब हुए हैं। यह अलग बात है कि तल्ख रिश्तों के बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने द्वीपीय देश के प्रति नरमी बरती है और मानवीय सहायता उपलब्ध कराई है। बुधवार को भी ईद के मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति मुइज्जू को शुभकामनाएं भेजी हैं।

## अमेरिकी संसद में मंदिरों पर हमले के विरोध में प्रस्ताव पेश, हिंदुओं के योगदान की हुई सराहना

नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका में हिंदुओं और हिंदू धर्म के योगदान की सराहना करते हुए प्रमुख भारतीय-अमेरिकी सांसद ने प्रतिनिधि सभा में हिंदू-विरोधी कट्टरता, नफरत और मंदिरों पर हमले के विरोध में प्रस्ताव पेश किया।





श्री थानेदार ने पेश किया प्रस्ताव- यह प्रस्ताव कांग्रेसी श्री थानेदार द्वारा बुधवार को पेश किया गया, जिसे निगरानी और जवाबदेही को लेकर बनी सदन समिति को भेजा गया। इस प्रस्ताव में कहा गया है कि अमेरिका में सकारात्मक योगदान के बावजूद हिंदू अमेरिकियों को अपनी विरासत और प्रतीकों के बारे में दुष्प्रचार का सामना करना पड़ता है। उन्हें स्कूलों और कॉलेज परिसरों में भेदभाव का सामना करना पड़ता है।

प्रस्ताव में एफबीआई रिपोर्ट का दिया गया हवाला- प्रस्ताव में कहा गया है कि एफबीआइ की घृणा अपराध साख्यिकी रिपोर्ट के अनुसार, मंदिरों और हिंदुओं को निशाना बनाने वाले घृणा अपराध सालाना बढ़ रहे हैं। प्रस्ताव में दावा किया गया है कि देश को हर तरह से चाहे अर्थव्यवस्था हो या अन्य क्षेत्र हिंदू अमेरिकियों के योगदान से बहुत लाभ हुआ है।

लगभग एक पखवाड़े पहले भारतीय-अमेरिकी राजा कृष्णमूर्ति, रो खन्ना, थानेदार, अमी बेरा और प्रमिला जयपाल ने न्याय विभाग को पत्र लिखकर घरों में तोड़फोड़ की घटनाओं में चिंताजनक वृद्धि के संबंध में जांच की स्थिति पर जानकारी देने का अनुरोध किया था।

## जो हमें नुकसान पहुंचाएगा-हम उसे नुकसान पहुंचाएंगे, गाजा से बाहर भी युद्ध की तैयारी कर रहा इजरायल



नई दिल्ली (एजेंसी)। इजरायल गाजा में युद्ध लड़ रहा है, साथ ही अन्य क्षेत्रों में ऐसी ही स्थितियों के लिए तैयारी कर रहा है। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने यह बात ईरान के इजरायल पर हमले की चर्चाओं के बीच कही है।

सीरिया की राजधानी दमिश्क में स्थित ईरानी दूतावास पर हमले का बदला लेने के लिए ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई और अन्य नेताओं ने इजरायल को दंडित करने की बात कही है। इस बीच अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि इजरायल पर ईरान का हमला होने की स्थिति में वह इजरायल की सुरक्षा के लिए सब कुछ करेंगे।

जो हमें नुकसान पहुंचाएगा-हम उसे नुकसान पहुंचाएंगे- नेतन्याहू ने कहा, जो हमें नुकसान पहुंचाएगा-हम उसे नुकसान पहुंचाएंगे। हम इजरायल के लिए सभी तरह की सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने में लगे हैं। इजरायली प्रधानमंत्री ने यह बात तेल नोफ वायुसेना अड्डे का दौरा करने के बाद कही है। एक अप्रैल को दमिश्क में ईरानी दूतावास पर हमले में सेना के वरिष्ठ जनरल समेत ईरान के सात अधिकारी मारे गए थे। इस हमले का शक इजरायल पर है। इसके बाद ईरान ने इजरायल को दंडित करने का एलान किया है।

गाजा से बुलाए गए इजरायली सैनिक- इजरायली सेना ने गाजा के विभिन्न क्षेत्रों से अपने ज्यादातर सैनिकों को बुला लिया है और अब वह पट्टी के मिस्र की सीमा पर बसे शहर रफाह पर हमले की तैयारी में है। रफाह में करीब 14 लाख बेघर फलस्तीनियों ने शरण ले रखी है।

## कश्मीर पर पाक का साथ देने वाले तुर्की को भारत ने दिया झटका, निकाल दी सारी हेकड़ी




नई दिल्ली (एजेंसी)। कश्मीर समेत तमाम मुद्दों पर पाकिस्तान जैसे देशों का साथ देने वाले तुर्की को भारत ने कड़ा सबक सिखाया है। रक्षा मंत्रालय ने भारतीय नौसेना के जहाजों के लिए काम कर रहीं तुर्की की कंपनियों के साथ करार को खत्म कर दिया है। इससे तुर्की को बड़ा आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा है, जिससे उसकी सारी हेकड़ी निकल गई है। जहाजों के बेड़ों को अब पूरी तरह भारत में ही बनाया जाएगा और इसका ठेका हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड को दिया गया है। पांच फ्लीट सपोर्ट जहाजों में से पहले का स्टील-कटिंग समारोह रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने की उपस्थिति में विशाखापत्तनम में आयोजित किया गया था। पिछले साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति ने पांच बड़े आकार के नौसैनिक जहाजों के निर्माण के लिए लगभग 22,000 करोड़ रुपये के अनुबंध को मंजूरी दी थी।

रक्षा अधिकारियों ने न्यूज एजेंसी एएनआई को बताया, एचएसएल ने डिजाइन परामर्श के लिए एक तुर्की फर्म के साथ समझौता किया था, लेकिन सीसीएस द्वारा अनुबंध को मंजूरी दिए जाने से पहले इसे रद्द कर दिया गया था।

## अगर ईरान ने उसके क्षेत्र पर कार्रवाई की तो मिलेगा करारा जवाब, इजरायल के रक्षा मंत्री बोले- हम हमला बर्दाश्त नहीं करेंगे

नई दिल्ली (एजेंसी)। इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव को लेकर अमेरिका दोनों देशों को शांत करने में लगा है। ईरान को शांत करने के लिए अमेरिका ने चीन और मिस्र जैसे देशों से बात की है। वहीं, इजरायली रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन से फोन पर बातचीत के दौरान कहा कि अगर ईरान उनके देश के क्षेत्र पर हमला करता है तो उचित प्रतिक्रिया देंगे।



ईरानी हमले को बर्दाश्त नहीं करेगा इजरायल- बातचीत के दौरान, गैलेंट ने इजरायली तैयारियों के बारे में विस्तार से बताया और इस बात पर जोर दिया कि इजरायल अपने क्षेत्र पर ईरानी हमले को बर्दाश्त नहीं करेगा। पिछले सप्ताह में यह दूसरी बार था जब दोनों अधिकारियों के बीच बातचीत हुई। अमेरिकी खुफिया अधिकारियों ने आकलन किया है कि एक अप्रैल को सीरिया में ईरान के वाणिज्य दूतावास पर इजरायली हवाई हमले में सात ईरानियों की हत्या के जवाब में ईरान जल्द ही जवाबी हमला शुरू कर सकता है।

इजरायल ने नुसीरात शरणार्थी शिविर के आसपास की बमबारी- स्थानीय सूत्रों ने मीडिया को बताया कि इजरायली बलों ने मध्य गाजा में नुसीरात शरणार्थी शिविर के आसपास दो दिनों तक गहन बमबारी की है, जिसमें कई लोग हताहत हुए हैं। फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने गुरुवार को कहा कि इजरायली सेना ने भारी गोलीबारी की है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, नुसीरात शिविर के उत्तर में ऑपरेशन किया गया। इसके अलावा, इजरायली विमानों ने शिविर के पश्चिम और उत्तर में स्थित दो मस्जिदों के साथ-साथ कई आवासीय टावरों पर भी बमबारी की।

फिलिस्तीनी आतंकवादी और इजरायली सेना के बीच भीषण लड़ाई जारी- इजरायली तोपों ने शिविर के बाहरी इलाके में घरों, अपार्टमेंटों और कृषि भूमि को निशाना बनाकर कई गोले दागे। सूत्रों ने कहा कि बमबारी के परिणामस्वरूप कम से कम पांच फिलिस्तीनियों की मौत हो गई और अन्य घायल हो गए, नुसीरात के बाहरी इलाके में फिलिस्तीनी आतंकवादी और इजरायली सेना के बीच भीषण लड़ाई जारी है।

# हिंदू धर्म की आबादी 2050 में होगी इनसे ज्यादा, पर मुसलमानों की ग्रोथ सबसे अधिक; दिलचस्प है रिपोर्ट



नई दिल्ली (एजेंसी)। अकसर यह सवाल लोगों के जेहन में उठता है कि आने वाले दशकों में दुनिया की आबादी कैसी होगी? किस धर्म के लोग अधिक होंगे और किनकी संख्या घट सकती है। खासतौर पर भारतीयों की बात करें तो हिंदू धर्म और इस्लाम मजहब को लेकर भी अकसर अनुमान आते रहते हैं। ऐसे मामलों में शोध करने वाली अमेरिकी संस्था प्यू रिसर्च सेंटर की रिपोर्ट की मानें तो 2050 यानी अगले 25 सालों में हिंदुओं की आबादी में तेज इजाफा होगा और वे नास्तिकों को पछाड़कर तीसरे नंबर पर होंगे।

प्यू रिसर्च सेंटर की रिपोर्ट के मुताबिक 2010 तक दुनिया में नास्तिकों की आबादी 1.1 अरब से अधिक थी। वहीं हिंदुओं की संख्या 1 अरब से कुछ ही अधिक थी। हालांकि अब डेटा कुछ हद तक बदल चुका है। फिर भी कुछ साल पहले आई रिपोर्ट का विश्लेषण करें तो उसमें अनुमान जताया गया है कि 2050 तक दुनिया में हिंदुओं की आबादी 1 अरब 38 करोड़ के आसपास होगी। वहीं नास्तिकों की संख्या 1 अरब 23 करोड़ होगी।

## सूचना आयोग ने ईवीएम पर चुनाव आयोग से मांगा स्पष्टीकरण




नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) ने चुनाव आयोग के आरटीआई की एक याचिका का जवाब नहीं देने पर कड़ी आपत्ति जताई है। आरटीआई के तहत चुनाव आयोग से पूछा गया था कि चुनाव के दौरान ईवीएम और वीवीपैट मशीनों की विश्वसनीयता पर प्रख्यात लोगों की ओर से उठाए गए सवालों के प्रतिनिधित्व के लिए उठाए कदमों पर जवाब मांगा था।

इसे कानून का पूर्ण उल्लंघन बताते हुए सीआईसी ने चुनाव आयोग से 30 दिनों के अंदर लिखित स्पष्टीकरण मांगा है। मुख्य सूचना आयुक्त हीरालाल सामरिया ने चुनाव आयोग के केंद्रीय जनसूचना अधिकारी के इस संबंध में संतोषजनक जवाब देने में विफल रहने पर फटकार लगाते हुए कहा कि इस मामले में आदेश की अनदेखी करने वाले सभी अफसरों को सीआईसी के फैसले की प्रति सौंपी जाए और वह बिंदुवार अपना स्पष्टीकरण एक महीने में दें।

विश्वसनीयता पर उठाए सवालों को आयोग को भेजा- पूर्व आईएएस अफसर एमजी देवश्याम समेत एक प्रतिनिधिमंडल ने इलेकॉट्रानिक वोटिंग मशीन (ईवीएम), वोटर वैरिफाइएबिल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) और मतगणना की विश्वसनीयता पर उठाए सवालों के प्रतिनिधित्व चुनाव आयोग को 2 मई, 2022 को भेजा था।

## बेलगाम बोल और निजी हमले राजनीतिक दलों को पड़ेंगे भारी! चुनाव आयोग की नई गाइड्लाइन जल्द जारी...




नई दिल्ली (एजेंसी)। चुनाव प्रचार के दौरान कटु बोल और निजी हमलों से बचने की नसीहत के बाद राजनीतिक दलों की ओर से अपनाए जा रहे इस रवैये से नाखुश चुनाव आयोग अब इसे लेकर जल्द ही कुछ और भी सख्त कदम उठाने की तैयारी में है। इस दौरान सभी राजनीतिक दलों को नए सिरे से इसे लेकर दिशा-निर्देश दिए जा सकते हैं। साथ ही इसका पालन न होने पर उन्हें दी जाने वाली सुविधाओं में कटौती की जा सकती है, जिसमें स्टार प्रचारकों की संख्या कम करने के साथ ही कम संख्या में वाहनों की अनुमति देने और रैलियों की संख्या कम करने जैसे सख्त कदम भी उठाए जा सकते हैं।

चुनाव प्रचार पर चुनाव आयोग की नजर- चुनाव आयोग इसके साथ ही सभी राजनीतिक दलों के अध्यक्षों को नोटिस जारी कर यह जानकारी भी मांगने की तैयारी में है कि चुनाव प्रचार को लेकर पूर्व में उन्हें जो निर्देश दिए गए थे, उसका वह चुनाव प्रचार के दौरान किस तरह से पालन कर रहे है। आयोग का मानना है कि चुनाव प्रचार स्वस्थ और मुद्दा आधारित होना चाहिए।

कटुतापूर्ण बयानबाजी को लेकर आयोग सतर्क- प्रचार के दौरान किसी के खिलाफ निजी टिप्पणी या ऐसी बयानबाजी से बचना चाहिए,जो एक दूसरे दलों के बीच कटुता को बढ़ाने वाले हो।

## तो बच जाती 6 मासूमों की जान, प्रिंसिपल ने दिलाई नशेड़ी ड्राइवर को चाबी; ग्रामीणों ने सब बताया



नई दिल्ली (एजेंसी)। हरियाणा के महेंद्रगढ़ में हुए जिस बस हादसे में 6 लोगों की जान गई, उसे रोका जा सकता था। चश्मदीदों ने बताया है कि ड्राइवर के नशे में होने की जानकारी दी गई थी, लेकिन उसे नजरअंदाज कर दिया गया। इसके अलावा पूर्व में बस पर जुर्माना भी लगाया जा चुका है। इसके अलावा ईद के मौके पर स्कूल खोलने का फैसला भी सवालों के घेरे में है। पुलिस ने ड्राइवर धर्मेंद्र, स्कूल प्रिंसिपल समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

पीटीआई भाषा से बातचीत में खेरी तलवाना गांव निवासी वकील मनदीप सिंह ने दावा किया कि कुछ गांव वालों को जब पता चला कि बस चालक नशे में है तो उन्होंने बस रोक ली लेकिन प्रधानाध्यापक ने हस्तक्षेप कर उनसे उसे छोड़ने का आग्रह किया। साथ ही वादा किया कि शुक्रवार को चालक बदल दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हालांकि, कुछ मिनट बाद ही बस दुर्घटना का शिकार हो गई।

खबर है कि ग्रामीणों ने ड्राइवर से चाबी तक ले ली थी, लेकिन प्रिंसिपल के कहने पर वापस दे दी गई। इसके बाद बस कुछ ही किमी चली और कनीना में उन्हाणी गांव के पास सुबह करीब 8 बजकर 30 मिनट पर दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

बारहवीं कक्षा के एक छात्र द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी के अनुसार चालक से शराब की बदबू आ रही थी और उसने धीरे-धीरे गाड़ी चलाने के बच्चों के बार-बार अनुरोध को नजरअंदाज कर दिया और कथित तौर पर उन्हें धमकी भी दी। शिकायतकर्ता ने कहा, बस में कोई सहायक या कोई महिला अधिकारी नहीं थी।

राज्य के परिवहन मंत्री असीम गोयल ने कहा कि राज्य सरकार ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को सभी स्कूल बसों की फिटनेस की जांच करने का निर्देश भी दिया।

## खबरदार, जो दोबारा सामने आया; वकील की गलती पर भड़के जज साहब, कैदी को लिखवाया माफीनामा



नई दिल्ली (एजेंसी)। कलकत्ता हाई कोर्ट में आज (शुक्रवार, 12 अप्रैल) तब अजीबोगरीब हालात पैदा हो गए, जब जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस गौरंग कंठ की पीठ ने कथित बलात्कार के एक मामले की सुनवाई के दौरान अदालत में केस से जुड़े कागजात के बिना हाजिर होने और सुनवाई में स्थगन की मांग करने के लिए एक जूनियर वकील की क्लास लगा दी। जस्टिस बागची ने जूनियर के साथ-साथ सीनियर वकील को भी फटकार लगाई और दोनों से कहा कि वे कोर्ट से माफी मांगने की बजाय जेल में बंद उस कैदी को माफीनामा लिखें, जिन्होंने उन पर भरोसा जताया था।

जब कोर्टरूम में उस केस की सुनवाई की बारी आई, तो जूनियर वकील ने खड़े होकर कहा, ÷मुझे बेहद खेद है मिलॉर्ड्स। मैं केस से जुड़े कागजात नहीं ला सका। कृपया इस केस में स्थगन दे दीजिए।÷ इस पर जस्टिस बागची भड़क गए और पूछा, ÷किस बात का अफसोस? आप अपने मुवक्किल को माफीनामा लिखिए। और आप अकेले नहीं बल्कि आपके सीनियर भी उस कैदी को माफीनामा लिखें, जिन्होंने आप पर भरोसा किया था और मामले की पैरवी के लिए आपको चुना था।

जस्टिस बागची इतने पर ही नहीं रुके। उन्होंने कहा, ÷आप माफीनामा में यह भी लिखें कि जज जमानत देने के इच्छुक थे, लेकिन क्योंकि हम तैयार नहीं थे, इसलिए आपको (आरोपी) आज जमानत पर रिहा नहीं किया जा सका। इसके साथ ही जस्टिस बागची ने झिड़की देते हुए कहा, खबरदार! अब से, केस से जुड़े कागजात के बिना इस अदालत या बल्कि किसी भी अदालत में मत आना। और हमें सॉरी मत बोलना। मैं और मेरा जज भाई जेल में नहीं हैं।

जस्टिस बागची पूरे फॉर्म में थे। उन्होंने कहा, संभवतः जिसने आपको और आपके वरिष्ठ को अहम जिम्मेदारी दी, वह जेल में है। और उसने आप पर और आपके वरिष्ठ पर जो भरोसा जताया है, उसके बदले आप लोगों द्वारा यहां धोखा दिया जा रहा है।

## बंगाल के शिक्षक भर्ती घोटाले में जब्त किए 365 करोड़, ED ने बताया- अब तक किससे क्या मिला



नई दिल्ली (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल के शिक्षक भर्ती घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय ने 365 करोड़ रुपये की संपत्ति सीज और जब्त की है। इसके अलावा तीन तृणमूल कांग्रेस विधायक अब तक अरेस्ट हो चुके हैं और एक की भूमिका की जांच हो रही है। ईडी ने शुक्रवार को बयान जारी कर कहा कि अब तक इस घोटाले में 365.6 करोड़ रुपये की जब्ती हुई है। इसके अलावा आगे भी जांच जारी है। ईडी ने कहा कि हमने पहले ही इस मामले में 135 करोड़ रुपये की जब्ती की थी। अब 230 करोड़ रुपये की प्रॉपर्टी नए सिरे से अटैच की है। एजेंसी ने बताया कि अब तक जिन संपत्तियों को जब्त किया गया है, उनमें प्रसन्न कुमार रॉय और शांति प्रसाद सिन्हा की जमीन और फ्लैट शामिल हैं।

आरोप है कि इस मामले में प्रसन्न कुमार रॉय मुख्य बिचौलिये के तौर पर भूमिका अदा की। उन्होंने ही टीचर भर्ती में शामिल होने वाले कैंडिडेट्स से रकम जुटाई थी और उनकी डिटेल हासिल की। उस दौरान शांति प्रसाद सिन्हा पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग के सलाहकार थे। ऐसे में उनकी भूमिका भी संदिग्ध पाई गई और उन्हें भी अरेस्ट किया गया। इस मामले की जांच सीबीआई ने शुरू की थी, जिसे मई 2022 में उच्च न्यायालय ने आदेश दिया था। इसके बाद जब मनी लॉन्ड्रिंग का ऐंगल सामने आया तो फिर ईडी भी जांच से जुड़ गई।

इस मामले में पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी समेत तीन टीएमसी विधायकों को अरेस्ट किया जा चुका है। फिलहाल ये लोग न्यायिक हिरासत में हैं। इनके अलावा रॉय और सिन्हा भी हिरासत में हैं। टीएमसी के सांसद अभिषेक बनर्जी से भी इस मामले में सीबीआई और ईडी दोनों पूछताछ कर चुके हैं।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए।
पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

# हिन्दकुश

हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।



विक्रम संवत 2079 पौष कृष्ण पंचमी

## संपादकीय

# मध्य प्रदेश से लोकसभा की 29 सीटों पर शुरुआती चार चरणों में मतदान....



मध्य प्रदेश में क्या फिर एकतरफा हवा मध्य प्रदेश से लोकसभा की 29 सीटों पर शुरुआती चार चरणों में मतदान होना है। भाजपा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे और उनकी गारंटी की बात कर रही है; विकास, पिछड़ी जातियों के उत्थान, सनातन से जुड़े प्रतीकों के कायाकल्प की बात कर रही है। वहीं कांग्रेस महंगाई, भ्रष्टाचार और ईवीएम के दुरुपयोग का मुद्दा उठा रही है। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 29 में से 28 सीटें जीतकर एकतरफा विजय पताका फहराई थी, सिर्फ एक सीट छिंदवाड़ा ही थी, जहां से कमलनाथ के सुपुत्र नकुलनाथ कांग्रेस के टिकट पर अपने पिता के रसूख के आधार पर 37,536 मतों से किसी तरह जीत हासिल कर सके थे। कमलनाथ ने यह सीट 2009 और 2014 के लोकसभा चुनाव में एक लाख से भी अधिक मतों से जीती थी।


वैसे, इस बार भाजपा का लक्ष्य सभी 29 सीटें तो हैं ही, साथ में हरेक सीट पर 51 प्रतिशत से अधिक मत प्राप्त करने के लक्ष्य के साथ वह चल रही है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पार्टी ने बूथ कार्यकर्ताओं पर अपना ध्यान केंद्रित किया है और हर बूथ के कार्यकर्ताओं को 370 नए मतदाताओं को बूथ तक लाने का टारगेट भी दिया गया है। जाहिर है, जमीनी स्तर पर की जाने वाली इस कार्रवाई से दूसरी पार्टियों पर दबाव बढ़ गया है।

बात करें प्रदेश की खजुराहो लोकसभा सीट की, जहां से प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा को भाजपा ने एक बार फिर प्रत्याशी बनाया है। पिछले चुनाव में उन्होंने कांग्रेस की कविता सिंह को 4,92,382 मतों से हराकर यह सीट जीती थी। कांग्रेस ने विपक्षी गठबंधन के सहयोगी दल समाजवादी पार्टी को यह सीट समझौते के तहत दी थी, पर सपा की प्रत्याशी मीरा यादव का नामांकन कुछ खामियों के चलते निरस्त हो गया। गठबंधन ने फॉरवर्ड ब्लॉक के आरबी प्रजापति (राजा भैया) को समर्थन देने का फैसला किया, पर अंतिम समय में फिर मामला लटका दिया। प्रजापति पूर्व आईएएस अधिकारी हैं। यह पूरा प्रकरण सायास था या अनायास इस बात को लेकर खजुराहो से भोपाल तक तरह-तरह के किस्से हवा में तैर रहे हैं। प्रदेश की एक अन्य सीट का जिक्र करें, तो बैतूल के बसपा प्रत्याशी अशोक भलावी का 9 अप्रैल को दिल का दौरा करने से निधन हो गया। इस कारण 26 अप्रैल को दूसरे चरण में यहां होने वाला मतदान स्थगित हो गया है और अब यहां पर 7 मई को यानी तीसरे चरण में मतदान कराया जाएगा।

दिल्ली और भोपाल में बैठे भाजपा नेताओं का पूरा फोकस मध्य प्रदेश में कांग्रेस के नीचे से जाजम खींचने पर है। भारतीय जनता पार्टी की नई ज्वॉइनिंग टोली जी-जान से जुटी हुई है। भाजपा स्थापना दिवस पर 1.26 लाख नेता-कार्यकर्ताओं को भाजपा में शामिल करके पूर्व गृह मंत्री डॉक्टर नरोत्तम मिश्रा के नेतृत्व में न्यू ज्वॉइनिंग टोली ने रिकार्ड तोड़ काम करने का दावा किया है। इस टोली का दावा है कि पिछले तीन माह में 2.58 लाख लोगों को भाजपा से जोड़ा जा चुका है और इनमें अधिकांश कांग्रेस के ही लोग हैं, लेकिन इसके बारे में कोई आधिकारिक दस्तावेज जारी न किए जाने को कांग्रेस लगातार मुद्दा बना रही है।

कमलनाथ के गढ़ छिंदवाड़ा में घुसकर उनके खास लोगों, खासकर उनके दाएं हाथ माने जाने वाले विधायक दीपक सक्सेना को भाजपा में लाकर जो सेंध लगाई है, वह एक काफी लंबी योजना का हिस्सा है। पिछले दिनों कमलनाथ के भाजपा में आने की चर्चाओं ने उन पर अब तक किए जाने वाले राजनीतिक भरोसे को काफी हद तक कम कर दिया है।

# जलियाँवाला बाग हत्याकांड



जालियाँवाला बाग हत्याकांड भारत के पंजाब प्रान्त के अमृतसर में स्वर्ण मन्दिर के निकट जलियाँवाला बाग में 13 अप्रैल 1919 (बैसाखी के दिन) हुआ था। रौलेट एक्ट का विरोध करने के लिए एक सभा हो रही थी जिसमें जनरल डायर नामक एक अँग्रेज ऑफिसर ने अकारण उस सभा में उपस्थित भीड़ पर गोलियाँ चलवा दीं जिसमें 400 से अधिक व्यक्ति मरे और 2000 से अधिक घायल हुए। अमृतसर के डिप्टी कमिश्नर कार्यालय में 484 शहीदों की सूची है, जबकि जलियांवाला बाग में कुल 388 शहीदों की सूची है। ब्रिटिश राज के अभिलेख इस घटना में 200 लोगों के घायल होने और 379 लोगों के शहीद होने की बात स्वीकार करते है जिनमें से 337 पुरुष, 41 नाबालिग लड़के और एक 6-सप्ताह का बच्चा था। अनाधिकारिक आँकड़ों के अनुसार 1500 से अधिक लोग मारे गए और 2000 से अधिक घायल हुए।

यदि किसी एक घटना ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम पर सबसे अधिक प्रभाव डाला था तो वह घटना यह जघन्य हत्याकाण्ड ही था। माना जाता है कि यह घटना ही भारत में ब्रिटिश शासन के अंत की शुरुआत बनी।

1997 में महारानी एलिज़ाबेथ ने इस स्मारक पर मृतकों को श्रद्धांजलि दी थी। 2013 में ब्रिटिश प्रधानमंत्री डेविड कैमरॉन भी इस स्मारक पर आए थे। विजिटर्स बुक में उन्होंने लिखा कि ब्रिटिश इतिहास की यह एक शर्मनाक घटना थी।

### घटनाक्रम

13 अप्रैल 1919 को बैसाखी का दिन था। बैसाखी वैसे तो पूरे भारत का एक प्रमुख त्योहार है परंतु विशेषकर पंजाब और हरियाणा के किसान सर्दियों की रबी की फसल काट लेने के बाद नए साल की खुशियाँ मनाते हैं। इसी दिन, 13 अप्रैल 1699 को दसवें और अंतिम गुरु गोविंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। इसीलिए बैसाखी पंजाब और आस-पास के प्रदेशों का सबसे बड़ा त्योहार है और सिख इसे सामूहिक जन्मदिवस के रूप में मनाते हैं। अमृतसर में उस दिन एक मेला सैकड़ों साल से लगता चला आ रहा था जिसमें उस दिन भी हज़ारों लोग दूर-दूर से श्री हरमिंदर साहिब गुरुद्वारे में गुरु जी के दर्शन करने और बैसाखी का त्यौहार मनाने अमृतसर पहुंचे थे, गुरुद्वारे से 500 मीटर की दुरी में जलियांवाला बाग को देखने के लिए बहुत सारे बच्चे , महिलाएं, बूढ़े, इकट्ठे हुए थे और बड़ी ही खुशी के साथ बैसाखी का त्यौहार मना रहे थे ।

### अंग्रेज़ों की मंशा

प्रथम विश्व युद्ध (1914-1918) में भारतीय नेताओं और जनता ने खुल कर ब्रिटिशों का साथ दिया था। 13 लाख भारतीय सैनिक और सेवक यूरोप, अफ़्रीका और मिडल ईस्ट में ब्रिटिशों की तरफ़ से तैनात किए गए थे जिनमें से 43,000 भारतीय सैनिक युद्ध में शहीद हुए थे। युद्ध समाप्त होने पर भारतीय नेता और जनता ब्रिटिश सरकार से सहयोग और नरमी के रवैये की आशा कर रहे थे परंतु ब्रिटिश सरकार ने मॉण्टेगू-चेम्सफ़ोर्ड सुधार लागू कर दिए जो इस भावना के विपरीत थे।

लेकिन प्रथम विश्व युद्ध के दौरान पंजाब के क्षेत्र में ब्रिटिशों का विरोध कुछ अधिक बढ़ गया था जिसे भारत प्रतिरक्षा विधान (1915) लागू कर के कुचल दिया गया था। उसके बाद 1918 में एक ब्रिटिश जज सिडनी रॉलेट की अध्यक्षता में एक सेडीशन समिति नियुक्त की गई थी जिसकी ज़िम्मेदारी ये अध्ययन करना था कि भारत में, विशेषकर पंजाब और बंगाल में ब्रिटिशों का विरोध किन विदेशी शक्तियों की सहायता से हो रहा था।

इस समिति के सुझावों के अनुसार भारत प्रतिरक्षा विधान (1915) का विस्तार कर के भारत में रॉलट एक्ट लागू किया गया था, जो आजादी के लिए चल रहे आंदोलन पर रोक लगाने के लिए था, जिसके अंतर्गत ब्रिटिश सरकार को और अधिक अधिकार दिए गए थे जिससे वह प्रेस पर सेंसरशिप लगा सकती थी, नेताओं को बिना मुकदमें के जेल में रख सकती थी, लोगों को बिना वॉरण्ट के गिरफ़्तार कर सकती थी, उन पर विशेष ट्रिब्यूनलों और बंद कमरों में बिना जवाबदेही दिए हुए मुकदमा चला सकती थी, आदि। इसके विरोध में पूरा भारत उठ खड़ा हुआ और देश भर में लोग गिरफ्तारियां दे रहे थे।

### गाँधी जी

गांधी तब तक दक्षिण अफ़्रीका से भारत आ चुके थे और धीरे-धीरे उनकी लोकप्रियता बढ़ रही थी। उन्होंने रोलेट एक्ट का विरोध करने का आह्वान किया जिसे कुचलने के लिए ब्रिटिश सरकार ने और अधिक नेताओं और जनता को रोलेट एक्ट के अंतर्गत गिरफ़्तार कर लिया और कड़ी सजाएँ दीं। इससे जनता का आक्रोश बढ़ा और लोगों ने रेल और डाक-तार-संचार सेवाओं को बाधित किया। आंदोलन अप्रैल के पहले सप्ताह में अपने चरम पर पहुँच रहा था। लाहौर और अमृतसर की सड़कें लोगों से भरी रहती थीं। करीब 5,000 लोग जलियांवाला बाग में इकट्ठे थे। ब्रिटिश सरकार के कई अधिकारियों को यह 1857 के गदर की पुनरावृत्ति जैसी परिस्थिति लग रही थी जिसे न होने देने के लिए और कुचलने के लिए वो कुछ भी करने के लिए तैयार थे।

### अंग्रेज़ों के अत्याचार

आंदोलन के दो नेताओं सत्यपाल और सैफ़ुद्दीन किचलू को गिरफ्तार कर कालापानी की सजा दे दी गई। 10 अप्रैल 1919 को अमृतसर के उप कमिश्नर के घर पर इन दोनों नेताओं को रिहा करने की माँग पेश की गई। परंतु ब्रिटिशों ने शांतिप्रिय और सभ्य तरीके से विरोध प्रकट कर रही जनता पर गोलियाँ चलवा दीं जिससे तनाव बहुत बढ़ गया और उस दिन कई बैंकों, सरकारी भवनों, टाउन हॉल, रेलवे स्टेशन में आगज़नी की गई।

इस प्रकार हुई हिंसा में 5 यूरोपीय नागरिकों की हत्या हुई। इसके विरोध में ब्रिटिश सिपाही भारतीय जनता पर जहाँ-तहाँ गोलियाँ चलाते रहे जिसमें 8 से 20 भारतीयों की मृत्यु हुई। अगले दो दिनों में अमृतसर तो शाँत रहा पर हिंसा पंजाब के कई क्षेत्रों में फैल गई और 3 अन्य यूरोपीय नागरिकों की हत्या हुई। इसे कुचलने के लिए ब्रिटिशों ने पंजाब के अधिकतर भाग पर मार्शल लॉ लागू कर दिया।

### काण्ड का विवरण

बैसाखी के दिन 13 अप्रैल 1919 को अमृतसर के जलियांवाला बाग में एक सभा रखी गई, जिसमें कुछ नेता भाषण देने वाले थे। शहर में कर्फ्यू लगा हुआ था, फिर भी इसमें सैंकड़ों लोग ऐसे भी थे, जो बैसाखी के मौके पर परिवार के साथ मेला देखने और शहर घूमने आए थे और सभा की खबर सुन कर वहां जा पहुंचे थे।

जब नेता बाग में पड़ी रोड़ियों के ढेर पर खड़े हो कर भाषण दे रहे थे, तभी ब्रिगेडियर जनरल रेजीनॉल्ड डायर 90 ब्रिटिश सैनिकों को लेकर वहां पहुँच गया। उन सब के हाथों में भरी हुई राइफलें थीं। नेताओं ने सैनिकों को देखा, तो उन्होंने वहां मौजूद लोगों से शांत बैठे रहने के लिए कहा।

### गोलीबारी

सैनिकों ने बाग को घेर कर बिना कोई चेतावनी दिए निहत्थे लोगों पर गोलियाँ चलानी शुरू कर दीं। 10 मिनट में कुल 1650 राउंड गोलियां चलाई गईं। जलियांवाला बाग उस समय मकानों के पीछे पड़ा एक खाली मैदान था। वहाँ तक जाने या बाहर निकलने के लिए केवल एक संकरा रास्ता था और चारों ओर मकान थे। भागने का कोई रास्ता नहीं था। कुछ लोग जान बचाने के लिए मैदान में मौजूद एकमात्र कुएं में कूद गए, पर देखते ही देखते वह कुआं भी लाशों से पट गया। जलियांवाला बाग कभी जलली नामक आदमी की संपत्ति थी।

### हताहत

बाग में लगी पट्टिका पर लिखा है कि 120 शव तो सिर्फ कुए से ही मिले। शहर में कर्फ्यू लगा था जिससे घायलों को इलाज के लिए भी कहीं ले जाया नहीं जा सका। लोगों ने तड़प-तड़प कर वहीं दम तोड़ दिया। अमृतसर के डिप्टी कमिश्नर कार्यालय में 484 शहीदों की सूची है, जबकि जलियांवाला बाग में कुल 388 शहीदों की सूची है। ब्रिटिश राज के अभिलेख इस घटना में 200 लोगों के घायल होने और 379 लोगों के शहीद होने की बात स्वीकार करते है जिनमें से 337 पुरुष, 41 नाबालिग लड़के और एक 6-सप्ताह का बच्चा था। अनाधिकारिक आँकड़ों के अनुसार 1000 से अधिक लोग मारे गए और 2000 से अधिक घायल हुए।

आधिकारिक रूप से मरने वालों की संख्या 379 बताई गई जबकि पंडित मदन मोहन मालवीय के अनुसार कम से कम 1300 लोग मारे गए।

स्वामी श्रद्धानंद के अनुसार मरने वालों की संख्या 1500 से अधिक थी जबकि अमृतसर के तत्कालीन सिविल सर्जन डॉक्टर स्मिथ के अनुसार मरने वालों की संख्या 1800 से अधिक थी।

# हर शेयर पर 73 डिविडेंड, प्रॉफिट में 9% उछाल, टाटा की इस कंपनी में रौनक




नई दिल्ली (एजेंसी)। देश की सबसे बड़ी सॉफ्टवेयर सर्विस कंपनी टीसीएस ने मार्च तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं। बीते वित्त वर्ष 2023-24 की मार्च तिमाही में प्रॉफिट 9.1 प्रतिशत बढ़कर 12,434 करोड़ रुपये रहा। टाटा समूह की कंपनी का प्रॉफिट जनवरी-मार्च, 2023 के दौरान 11,392 करोड़ रुपये था।


कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 में उसका प्रॉफिट नौ प्रतिशत बढ़कर 45,908 करोड़ रुपये हो गया। बीते वित्त वर्ष की मार्च तिमाही में टीसीएस का राजस्व सालाना आधार पर 3.5 फीसदी बढ़कर 61,237 करोड़ रुपये हो गया। इसका परिचालन लाभ मार्जिन 1.50 प्रतिशत बढ़कर 26 प्रतिशत हो गया।

वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए टीसीएस ने 28 रुपये प्रति शेयर का फाइनल डिविडेंड घोषित किया है। इस तरह वित्त वर्ष 2024 के लिए पहले घोषित 45 रुपये प्रति शेयर डिविडेंड के साथ कुल डिविडेंड 73 रुपये प्रति शेयर हो गया है। डिविडेंड का भुगतान टीसीएस की आगामी 29वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में किया जाएगा। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया- हम आपको सूचित करना चाहेंगे कि बोर्ड बैठक में निदेशकों ने कंपनी के प्रत्येक 1 रुपये के इक्विटी शेयर पर 28 रुपये के फाइनल डिविडेंड की सिफारिश की है, जिसका भुगतान 29वीं वार्षिक आम बैठक के चौथे दिन किया जाएगा/भेजा जाएगा। यह कंपनी के शेयरधारकों के अनुमोदन के अधीन है।

टीसीएस ने कहा कि वित्त वर्ष 2024 के अंत में उसकी कर्मचारियों की संख्या 6,01,546 थी। कंपनी के एचआर हेड मिलिंद लक्कड़ ने कहा-हमें अपने कार्यबल के लिए वार्षिक वेतन वृद्धि की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। हमारे कैंपस में नियुक्ति के प्रति उत्साहपूर्ण प्रतिक्रिया, ग्राहकों के आने में वृद्धि और कर्मचारियों के कार्यालय लौटने से हमारे वितरण केंद्रों में काफी जीवंतता आई है।

सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को बिकवाली के बीच टीसीएस के शेयर की कीमत में करीब एक फीसदी की तेजी रही। कारोबार के अंत में शेयर 4000.30 रुपये पर पहुंच गया।


## 260 तक जाएगा यह शेयर! लगातार 6 दिन से तेजी



नई दिल्ली (एजेंसी)। ऑनलाइन फूड डिलीवर करने वाली दिग्गज कंपनी जोमैटो के शेयर में तेजी का सिलसिला जारी है। शुक्रवार को जोमैटो के शेयर बीएसई पर 1.49% बढ़कर 199.75 के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गए। यह लगातार छठा कारोबारी दिन है जब जोमैटो के शेयर की डिमांड है। वहीं, शेयर को लेकर एक्सपर्ट भी बुलिश हैं। ब्रोकरेज जेएम फाइनेंशियल का अनुमान है कि शेयर में 32त्न से अधिक की बढ़ोतरी हो सकती है।

जेएम फाइनेंशियल ने जोमैटो के शेयर पर खरीदें रेटिंग दी है और इसके टारगेट प्राइस को पहले के 200 से बढ़ाकर 260 प्रति शेयर कर दिया है। ब्रोकरेज का अनुमान है कि तीन साल में शेयर का टारगेट 400 प्रति शेयर तक जाएगा। ब्रोकरेज जेएम फाइनेंशियल के लिए जोमैटो के शेयर फेवरेट हैं। ब्रोकरेज का मानना है कि कंपनी हाइपरलोकल डिलीवरी व्यवसायों में मजबूत है। दिसंबर 2023 तक 12000 करोड़ की नकदी के साथ इसकी बैलेंस शीट भी मजबूत बनी हुई है। ब्रोकरेज फर्म का मानना है कि निकट अवधि में ब्लिंकिट डार्क-स्टोर नेटवर्क के विस्तार, खुदरा श्रेणी को जोड़ने के साथ-साथ अपना निवेश बढ़ाएगा। कंपनी के ऑर्डर वॉल्यूम में मजबूत सुधार की उम्मीद है। जोमैटो के शेयर की कीमत एक महीने में 27% से अधिक बढ़ गई है। वहीं, इस साल अब तक 61% से अधिक का रिटर्न दिया है।

## पहले ही दिन 880 रुपये पर पहुंचा यह शेयर, 570 रुपये था IPO में शेयर का दाम



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारती हेक्साकॉम के शेयरों ने बाजार में उतरते ही धमाल मचा दिया है। भारती हेक्साकॉम के शेयर शुक्रवार को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में 32 पर्सेंट से ज्यादा के फायदे के साथ 755.20 रुपये पर लिस्ट हुए हैं। भारती हेक्साकॉम के शेयर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर 32.46% के प्रीमियम पर 755 रुपये पर लिस्ट हुए हैं। आईपीओ में भारती हेक्साकॉम के शेयर 570 रुपये में निवेशकों को मिले हैं। कंपनी का आईपीओ 3 अप्रैल को सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था और यह 5 अप्रैल तक ओपन रहा।

भारती हेक्साकॉम के शेयरों में लिस्टिंग के ठीक बाद तूफानी तेजी आई है। कंपनी के शेयर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में 880 रुपये के हाई पर पहुंच गए हैं। वहीं, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में भारती हेक्साकॉम के शेयरों ने 879.90 रुपये के हाई लेवल को छुआ है। भारती हेक्साकॉम के पब्लिक इश्यू का टोटल साइज 4275 करोड़ रुपये तक का था। भारती हेक्साकॉम की शुरुआत 1995 में हुई थी। कंपनी राजस्थान और नॉर्थ-ईस्ट टेलिकॉम सर्किल्स में कस्टमर्स को फिक्स्ड लाइन टेलिफोन और ब्रॉडबैंड सर्विसेज उपलब्ध कराती है।

भारती हेक्साकॉम का आईपीओ टोटल 29.88 गुना सब्सक्राइब हुआ था। कंपनी के आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स का कोटा 2.83 गुना सब्सक्राइब हुआ था। वहीं, नॉन-इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स कैटेगरी में 10.52 गुना दांव लगा था। आईपीओ में क्वॉलीफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स का कोटा 48.57 गुना सब्सक्राइब हुआ। कंपनी के आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स कम से कम 1 लॉट और अधिकतम 13 लॉट के लिए दांव लगा सकते थे। आईपीओ की एक लॉट में 26 शेयर हैं। यानी, रिटेल इनवेस्टर्स को न्यूनतम 14820 रुपये का इनवेस्टमेंट करना पड़ा। वहीं, भारती हेक्साकॉम के आईपीओ में 13 लॉट के लिए रिटेल इनवेस्टर्स को टोटल 192660 रुपये का इनवेस्टमेंट करना पड़ा है।

## इस हेल्थ केयर शेयर में 20 फीसद का लगा अपर सर्किट, 1510 रुपये पर पहुंचेगा भाव



नई दिल्ली (एजेंसी)। हेल्थ केयर कंपनी एंटरो के शेयर आज उड़ान भर रहे हैं। आज 20 पर्सेंट अपर सर्किट के साथ आज 1202 रुपये पर पहुंच गए। इस साल फरवरी में लिस्ट होने के बाद इसकी एक दिन में सबसे बड़ी उछाल है। इसके बावजूद यह शेयर अपने आईपीओ प्राइस से नीचे है।

आज एंटरो हेल्थकेयर सॉल्यूशन के शेयर । Entero Healthcare Solutions Ltd में उछाल के पीछे ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म जेफरीज की कवरेज है। इसमें जेफरीज ने Buy रेटिंग के साथ 1510 रुपये का टार्गेट दिया है। यह बुधवार के बंद भाव से 50 फीसद ऊपर है।

प्रॉफिट में आठ गुना उछाल की उम्मीद- जेफरीज के मुताबिक एंटरो फास्ट ग्रोइंग हेल्थकेयर डिस्ट्रीब्यूटर है। फर्म ने वित्त वर्ष 2024-26 के लिए इसके सीजेआर में 20 फीसद की ग्रोथ का अनुमान लगाया है। साथ ही रेवेन्यू में 44 पर्सेंट ग्रोथ और प्रॉफिट में आठ गुना उछाल की उम्मीद जताई है।

16 फरवरी को यह स्टॉक शेयर मार्केट में लिस्ट हुआ था। यह आईपीओ प्राइस से 2 पर्सेंट नीचे 1258 रुपये पर लिस्ट हुआ और अंत में 9 पर्सेंट गिरकर बंद हुआ। 28 मार्च को यह स्टॉक 970 रुपये पर आ गया।

# अडानी ग्रुप के बाद अब वोडा-आइडिया पर दांव!, SBI MF भी लगा सकता है पैसा



नई दिल्ली (एजेंसी)। अडानी ग्रुप की कंपनियों में निवेश करने के बाद दिग्गज इनवेस्टमेंट फर्म जीक्यूजी पार्टनर्स, टेलिकॉम कंपनी वोडाफोन आइडिया पर बड़ा दांव लगाने की तैयारी में है। इनवेस्टमेंट फर्म जीक्यूजी पार्टनस और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया म्यूचुअल फंड , वोडाफोन आइडिया के 2.16 बिलियन डॉलर (18000 करोड़ रुपये) के शेयर सेल में 800 मिलियन डॉलर (करीब 6500 करोड़ रुपये) लगाने पर विचार कर रहे हैं। मामले की जानकारी रखने वाले दो लोगों ने यह बताया है।

पूरे मामले की जानकारी रखने वाले दो लोगों ने नाम न जाहिर करने की शर्त पर बताया कि राजीव जैन की अगुवाई वाली अमेरिका बेस्ड इनवेस्टमेंट फर्म जीक्यूजी पार्टनर्स वोडाफोन आइडिया में करीब 500 मिलियन डॉलर लगाने की तैयारी में है। वहीं, एसबीआई म्यूचुअल फंड वोडाफोन आइडिया के फॉलो-ऑन पब्लिक ऑफरिंग में 200-300 मिलियन डॉलर लगाने पर विचार कर रही है। जीक्यूजी और एसबीआई ने इस मामले पर कोई भी प्रतिक्रिया देने से इनकार किया है। वोडाफोन-आइडिया साल 2018 में उस समय बनी थी, जब वोडाफोन ग्रुप ने 23 बिलियन डॉलर की डील में अपने इंडिया बिजनेस को आइडिया सेलुलर के साथ मर्ज किया था।

जीक्यूजी पार्टनर्स और SBI MF इंस्टीट्यूशनल कोटा के तहत निवेश करने पर विचार कर रहे हैं। वोडाफोन-आइडिया ने एक्सचेंज फाइलिंग में बताया है कि कंपनी ने अपने फॉलो-ऑन पब्लिक ऑफर का प्राइस बैंड 10-11 रुपये के बीच फिक्स किया है।

## 270 रुपये तक जा सकते हैं इस छोटी कंपनी के शेयर, एक साल में 180% की तेजी



नई दिल्ली (एजेंसी)। सिविल कंस्ट्रक्शन इंडस्ट्री से जुड़ी कंपनी मैन इंफ्राकंस्ट्रक्शन लिमिटेड के शेयरों में अच्छी तेजी देखने को मिली है। मैन इंफ्रा के शेयर शुक्रवार 12 अप्रैल को 3 पर्सेंट से अधिक की तेजी के साथ 218.70 रुपये पर पहुंच गए हैं। कंपनी के शेयरों में पिछले एक साल में 180 पर्सेंट से ज्यादा का उछाल आया है। मार्केट एक्सपर्ट्स का कहना है कि मैन इंफ्रा के शेयरों में अभी और तेजी देखने को मिल सकती है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, मैन इंफ्रा के शेयर 270 रुपये तक जा सकते हैं।

घरेलू ब्रोकरेज हाउस एक्सिस सिक्योरिटीज ने मैन इंफ्राकंस्ट्रक्शन लिमिटेड के शेयरों का कवरेज शुरू किया है। ब्रोकरेज हाउस ने कंपनी के शेयरों के लिए बाय रेटिंग दी है। एक्सिस सिक्योरिटीज ने मैन इंफ्रा के शेयरों को 270 रुपये का टारगेट दिया है। यानी, मौजूदा शेयर प्राइस के मुकाबले कंपनी के शेयर करीब 28 पर्सेंट और चढ़ सकते हैं।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# सगी बहनें 13 वर्षीय दीप्ती वर्मा और नौ वर्षीय तनुश्रश्री की खेत में बने तालाब में शुक्रवार सुबह साढ़े दस बजे डूबने से मौत



भोपाल । रातीबड़ के ग्राम बड़झिरी में रहने वाले सगी बहनें 13 वर्षीय दीप्ती वर्मा और नौ वर्षीय तनुश्रश्री की खेत में बने तालाब में शुक्रवार सुबह साढ़े दस बजे डूबने से मौत हो गई। दोनों के शव खेत के तालाब से बरामद हुए। पोस्टमार्टम के बाद दोनों के शव स्वजनों के सुपुर्द कर दिए गए हैं।

रातीबड़ पुलिस के मुताबिक ग्राम बड़झिरी निवासी राजाराम वर्मा गांव में हार्टवेयर और खाद की दुकान चलाते हैं। उनकी चार बेटियां और एक बेटा है। सबसे बड़ी पायल, दूसरे नंबर की रिदिमा तीसरे नंबर की दीप्ति और चौथे नंबर की तनुश्री थी।सुबह करीब सवा नौ बजे के करीब दोनों बहनें दीप्ती और तुनश्री मां चिंता बाई के साथ ग्राम आमला में बने स्वयं के खेत में गई थीं। खेत में ही एक तालाब बना है। मां खेती के काम में व्यस्त हो गई इस बीच दोनों बहने तालाब में बनें पाइप से खेलते समय कब तालाब में उतर गई,उनकी मां को पता तक नहीं चला। 11 बजे के करीब उनकी मां को जब दोनों बहनें नजर नहीं आइ तो उसने उनकी तलाश की तो तालाब में दोनों के शव नजर आए। बाद में उसने शोर मचाकर आसपास के लोगों को बुलाया। गांव वालों ने दोनों के शव को पानी से बाहर निकाला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए रवाना कर दिया। जहां पोस्टमार्टम के बाद शवों को पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। दीप्ति पांचवीं और तनुश्री तीसरी कक्षा में पढ़ती थी। इकलौता बेटा मधुसुदन है, और वह सबसे छोटा है।खेलते समय डूब गई- रातीबड़ थाने के एएसआइ केपी मिश्रा ने बताया कि शुरूआत जांच में खेलते समय तालाब में डूबने की बात सामने आ रही है। स्वजनों के बयान होने के बाद कारण स्पष्ट हो जाएगा। फिलहाल मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

# सर्दियों के पहले शुरू हो सकती है दुबई उड़ान




भोपाल। राजा भोज एयरपोर्ट को कस्टम एयरपोर्ट का दर्जा मिलने के साथ ही एयरपोर्ट अथारिटी ने यहां पर इमिग्रेशन की व्यवस्था भी कर ली है लेकिन अभी तक विदेश के लिए एक भी उड़ान नहीं है। अब अथारिटी ने एयरलाइंस कंपनियों को प्रेजेंटेशन देकर अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए स्लाट देने की पेशकश की है। इस साल के अंत में लागू होने वाले विंटर शेड्यूल तक दुबई उड़ान से इंटरनेशनल रूट पर उड़ान प्रारंभ होने की उम्मीद की जा रही है।

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड ने हाल ही में गजट नोटिफिकेशन जारी कर भोपाल एयरपोर्ट पर विदेशों से आई उड़ानों से सामान उतारने एवं चढ़ाने की दृष्टि से कस्टम एयरपोर्ट बनाने की अनुमति प्रदान की है। इंटरनेशनल उड़ानें शुरू करने के लिए कस्टम का दर्जा मिलना जरूरी होता है। यह दर्जा मिलने के साथ ही भोपाल एयरपोर्ट राजा भोज इंटरनेशनल एयरपोर्ट बन गया है पर इसकी औपचारिक शुरूआत तभी होगी जब यहां से किसी एक अंतरराष्ट्रीय रूट पर उड़ान शुरू हो जाए। इसे देखते हुए एयरपोर्ट अथारिटी ने एयरलाइंस कंपनियों को गजट नोटिफिकेशन एवं इमिग्रेशन के लिए की गई जरूरी व्यवस्थाओं का प्रेजेंटेशन दिया है।एयर इंडिया कर सकता है शुरूआत एयर इंडिया का आधिपत्य टाटा समूह के पास आते ही कंपनी ने कई रूट पर उड़ानें शुरू की हैं। एयर एशिया भी टाटा समूह का हिस्सा है। एयरपोर्ट अथारिटी का प्रयास है किएयर इंडिया या एयर एशिया भोपाल से सप्ताह में कम से कम तीन दिन दुबई उड़ान प्रारंभ करे। कंपनी के बेड़े में इस कुछ नए विमान शामिल होने हैं। अथारिटी इसी आधार पर एयर इंडिया के संपर्क में है। विंटर शेड्यूल अक्टूबर माह में लागू होता है। तब तक कंपनी को नए विमान मिल सकते हैं।

इमिग्रेशन के लिए ई गेट, सर्वे में नंबर एकएयरपोर्ट अथारिटी ने एयर इंडिया के अलावा इंडिगो से भी संपर्क किया है। एयरलाइंस कंपनियों को बताया गया है किराजा भोज एयरपोर्ट कस्टमर संतुष्टि सर्वे में दूसरी बार देश में प्रथम रहा है। इमिग्रेशन काउंटर स्थापित किए हैं। इलेक्ट्रानिक गेट भी लगा दिए गए हैं। यहां इटरनेशनल विंग पूर्ण रूप से विकसित कर लिया गया है। आगमन क्षेत्र में पांच एवं प्रस्थान क्षेत्र में चार काउंटर बनाए गए हैं। इंटरनेशन मापदंडों के अनुरूप यहां ग्रीन एवं रेड चैनल बनाए गए है। इसका लाभ विदेश जाने वाले यात्रियों को मिलेगा।

विमान मिलते ही उड़ान शुरू होगी

हमने एयरलाइंस कंपनियों से संपर्क किया है। इसमें यह बात सामने आई है किकंपनियों पास विमानों की कमी है। इस साल एयर इंडिया एवं इंडिगो को नए विमानों की डिलेवरी मिलनी है। विमान मिलते ही दुबई उड़ान शुरू होने की पूरी उम्मीद है। हमने प्रेजेंटेशन दिया है।

**– रामजी अवस्थी, एयरपोर्ट डायरेक्टर**

# जो किताब नहीं मिलेगी वो कोर्स में नहीं चलेगी- कलेक्टर



जबलपुर। बुक फेयर में अभिभावकों को कोर्स की किताब न मिलने की शिकायत के बाद कलेक्टर दीपक सक्सेना ने पुस्तक मेला का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिकायत पंजी का अवलोकन कर अभिभावकों की फीड बुक से फीडबैक लिया। उन्होंने कहा कि पुस्तक मेले में अभिभावक द्वारा यह शिकायत की जा रही है कि स्कूल प्रबंधन द्वारा अनुशंसित कुछ किताबें मेले में नहीं मिल पा रही हैं और कतिपय विक्रेता बता रहे हैं कि उक्त किताबें मेला समाप्ति के उपरांत बुक स्टोर पर उपलब्ध हो सकेंगी।

कलेक्टर ने कहा कि मेले में अनुपलब्ध किताबों के संबंध में मोनोपाली प्रथम दृष्ट्या सिद्ध है। मध्यप्र देश निजी विद्यालय (फ़ीस और संबंधित विषयों का विनियमन) अधिनियम 2017 के तहत कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित सक्षम जिला समिति द्वारा उक्त किताब को पाठ्यक्रम से हटाकर उसके स्थान पर सर्वसुलभ किताब को पाठ्यक्रम में शामिल करने का निर्णय लिया गया है। स्कूल प्रबंधन 24 घंटों के भीतर रिप्लेसमेंट के संबंध में ज़िला शिक्षा अधिकारी को सूचित करेगा। आदेश की अवहेलना करने पर स्कूल प्रबंधन के विरूद्ध विधि अनुसार कारवाई की जायेगी। जिला प्रशासन ने पुस्तक एवं मतदाता जागरूकता मेले में लगाया गया बुक बैंक स्टाल छात्रों के लिए मददगार साबित हो रहा है। मेले में आने वाले छात्र बैंक में अपनी पुरानी पाठ्य पुस्तकें जमा कर बुक बैंक में उपलब्ध पुस्तकों में आवश्यकता के अनुसार पुस्तकें प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही इस बैंक में अभिभावक शिकायत दर्ज करा सकते हैं। बुक बैंक में अभी तक बच्चों एवं अभिभावकों ने 14 शिकायतें दर्ज कराई हैं। यादव कालोनी निवासी एनके तिवारी ने बताया कि निजी स्कूलों की मनमानी से अभिभावकों को राहत दिलाने के लिए पुस्तक मेले का आयोजन जिला प्रशासन की सराहनीय पहल है।

# प्रदेश के 10 फ्लाईओवर के निर्माण, एजेंसी के चयन के लिए 15 को खुलेगा टेंडर

ग्वालियर। केंद्र सरकार की सेतु बंधन योजना के अंतर्गत प्रदेश में प्रस्तावित 10 फ्लाईओवर व अंडर ब्रिज के निर्माण के लिए सलाहकार एजेंसी के चयन का टेंडर भले 15 अप्रैल को खोला जाएगा, मगर चुनाव आचार संहिता लगी होने के कारण कार्यादेश जून में ही जारी हो सकेगा। चयन एजेंसी की देखरेख में ही मप्र रोड डेवलपमेंट कारपोरेशन द्वारा निर्माण कार्य शुरू कराया जाना है। वर्तमान में इंदौर में छह लेन के चार, भोपाल व धार में फोरलेन के दो और विदिशा, सिवनी व ग्वालियर में दो लेन के एक-एक ओवरब्रिज का निर्माण प्रस्तावित है। ग्वालियर में दो लेन का एक अंडरब्रिज भी बनाया जाना है। बता दें कि इन कार्यों के लिए केंद्र से राशि मिल चुकी है और इंदौर सहित कुछ जिलों में फ्लाईओवर का निर्माण शुरू भी कराया गया है।

बाकी बचे प्रोजेक्ट के लिए सलाहकार एजेंसी के चयन की दरकार है। दरअसल, प्रदेश के 10 शहरों में कुल 21 फ्लाईओवर का निर्माण 850 करोड़ रुपये की लागत



से प्रस्तावित किया गया था। कुछ शहरों में गत वर्ष निर्माण कार्य शुरू करा दिए गए थे। अब पांच शहरों में 10 फ्लाईओवर और अंडर ब्रिज के निर्माण की प्रक्रिया मप्र रोड डेवलपमेंट कारपोरेशन ने शुरू की है। इनकी प्राथमिक लागत 608.27 करोड़ रुपये आंकी गई है। निर्माण कार्य शुरू होने से पहले सलाहकार एजेंसी मिलना जरूरी है, जो सभी आरओबी की ड्राइंग-डिजाइन आदि तैयार करेगी। इसके लिए गत पांच मार्च को टेंडर जारी किए गए थे, जिन्हें 15 अप्रैल को खोला जाएगा, मगर आचार संहिता लगी होने के कारण एजेंसी का वर्क आर्डर जून माह में ही जारी होगा।ये हैं प्रस्तावित फ्लाईओवर और लागत

ग्वालियर- 9.50 करोड़ रुपये की लागत से महलगांव से हरिशंकरपुरम के बीच 240 मीटर लंबा रेल अंडर ब्रिज।

36.27 करोड़ रुपये की लागत से मोहना रेलवे स्टेशन के पास 900 मीटर लंबा ओवरब्रिज।

इंदौर- 78.99 करोड़ रुपये की लागत से देवास नाका सर्किल पर 900 मीटर लंबा सिक्स लेन फ्लाईओवर।

69.69 करोड़ रुपये की लागत से सत्य साईं सर्किल पर 751.36 मीटर लंबा सिक्स लेन फ्लाईओवर।

72.12 करोड़ रुपये की लागत से आइटी पार्क सर्किल पर 1257 मीटर लंबा सिक्स लेन फ्लाईओवर।

68.44 करोड़ रुपये की लागत से मूसाखेड़ी सर्किल पर 1027 मीटर लंबा सिक्स लेन फ्लाईओवर।

भोपाल- 51.45 करोड़ रुपये की लागत से भोपाल हाट से छह नंबर बस स्टॉप तक 780 मीटर लंबा फोरलेन फ्लाईओवर।

धार- 45.22 करोड़ रुपये की लागत से इंडोरमा सर्किल पर 1143 मीटर लंबा फोरलेन फ्लाईओवर।

विदिशा- 59.57 करोड़ रुपये की लागत से बंटी नगर से अहिंसा विहार नगर तक 976 मीटर लंबा टू लेन फ्लाईओवर।

सिवनी- 117 करोड़ रुपये की लागत से पुराने राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक सात पर 630 मीटर लंबा फ्लाईओवर और 12 किमी लंबी फोरलेन रोड।



# महिलाओं को बताये जाएंगे स्तन कैंसर के पहचान के तरीके

## निःशुल्क प्लास्टिक सर्जरी शिविर का आयोजन शुक्रवार से

इंदौर। स्तन कैंसर का महिलाएं स्वयं कैसे पहचान और परीक्षण करें इसके लिए रॉबर्ट नर्सिंग होम में तीन दिवसीय शिविर लगाया जा रहा है। यह शिविर रॉबर्ट नर्सिंग होम में शुक्रवार से शुरू होने वाले निश्शुल्क प्लास्टिक सर्जरी शिविर के साथ आयोजित होगा। यह शिविर 12 अप्रैल से शुरू होकर 14 अप्रैल तक चलेगा। शिविर का शुभारंभ सुबह साढ़े 9 बजे किया जायेगा। इस अवसर पर संभागायुक्त श्री दीपक सिंह, कलेक्टर श्री आशीष सिंह तथा उद्योगपति एवं समाजसेवी श्री गिरीश मतलानी भी उपस्थित रहेंगे। बताया गया कि यह शिविर सहायता संस्था के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर में विशेष रूप से सिर्फ गरीब एवं जरूरतमंद मरीजों के ही ऑपरेशन किये जायेंगे। जन्मजात शारीरिक विकारों (कटे होंठ, तालू) एवं किसी दुर्घटना के बाद छूटे निशानों एवं जलने के कारण आयी विकृति के ऑपरेशन होंगे। इस शिविर में वरिष्ठ शल्य चिकित्सक डॉ. प्रकाश छजलानी भी अपनी निःशुल्क सेवायें देंगे।

रॉबर्ट नर्सिंग होम के सेक्रेटरी एवं ट्रस्टी डॉ. वी. एस. यशलहा ने बताया कि इस शिविर हेतु अस्पताल के ऑपरेशन थियेटर एवं मरीजों हेतु रहने की व्यवस्था निःशुल्क प्रदान की जायेगी। साथ ही मरीजों हेतु अन्य सारी व्यवस्था भी उपलब्ध कराई जायेगी। इस शिविर में सिर्फ कटे होंठ, तालू एवं कुछ ऑपरेशन योग्य जले हुए मरीजों के आपरेशन किये जायेंगे। ऑपरेशन हेतु मरीजों का चयन डॉ. प्रकाश छजलानी द्वारा स्वयं 12 अप्रैल 2024 को प्रातः 8 बजे से 09:30 बजे तक रॉबर्ट नर्सिंग होम पर किया जायेगा। इस शिविर में ग्रीवा कैंसर की जाँच स्मीयर द्वारा निःशुल्क की जायेगी।

डॉ. यशलहा ने बताया कि शिविर में महिलाओं को स्तन कैंसर के पहचान एवं परीक्षण करने की पद्धति के बारे में भी जानकारी दी जायेगी। उन्होंने बताया कि गत मार्च के महिने में रॉबर्ट नर्सिंग होम में कैंसर के 283 मरीज आए, जिसमें से स्तन कैंसर के 137 मरीज थे। इसका मतलब है कि स्तन कैंसर बहुत तेजी से बढ़ रहा है। इसके लिये जनजागृति लायी जाना अत्यंत जरूरी है। उन्होंने बताया कि शिविर के दौरान महिलाओं में होने वाले गर्भ ग्रीवा कैंसर की भी निश्शुल्क जाँच की जायेगी। डॉ. यशलहा ने बताया कि उक्त कैंसर का समय पर पता चलने से उपचार संभव है। समय पर कैंसर का पता चलता है तो अनेक परेशानियों से बचा जा सकेगा।

## पूर्व मंत्री स्व. रामेश्वर पटेल के तृतीय पुण्य स्मरण मुक पक्षियों के लिए आगामी तीन माह तक दाना-पानी देगा पटेल परिवार




इंदौर। श्री गीता रामेश्वरम् ट्रस्ट द्वारा पूर्व मंत्री स्व. रामेश्वर पटेल के तृतीय पुण्य स्मरण एवं स्व. श्रीमती गीता रामेश्वर पटेल को श्रद्धांजलि देते हुए उनकी स्मृति में भीषण गर्मी में मुक पक्षियों के लिए आगामी तीन माह अप्रैल, मई और जून तक रोजाना दाना-पानी देने का संकल्प पटेल परिवार ने लिया।

जानकारी देते हुए समाजसेवी मदन परमालिया एवं ट्रस्ट के अध्यक्ष विनोद सत्यनारायण पटेल ने बताया कि अ.भा. कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल, सहकारिता नेता एवं जिला संघ के पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम पटेल ने अपने माता-पिता की स्मृति में मुक पक्षियों के लिए यह अभियान चलाया है।

इस मौके पर राहुल पटेल, विनोद, सागर, यशोवर्धन सिंह, विवेक सिंह, चेतन सिंह चौधरी, गौरव सिंह पटेल एवं हेमन्त पाल, द्वारका शारदा, नरेन्द्र सूर्यवंशी, प्रितेश राज, मिथिलेश जोशी, जगदीश जोशी, आशीष जोशी आदि उपस्थित थे।

इस अवसर पर स्व. श्रीमती गीता रामेश्वर पटेल को श्रद्धांजलि समाज के विभिन्न समाजसेवी, संगठनों एवं राजनेताओं और बड़ी संख्या मातृशक्तियों ने श्रद्धांजलि दी।

## नरवाई नहीं जलाने की किसानों से अपील

इंदौर। वर्तमान में गेहूँ फसल की कटाई का कार्य अंतिम दौर में है। कटाई के बाद कुछ किसान गेहूँ के अवशेष (नरवाई) को जला देते है। नरवाई जलाने से पर्यावरण को भारी क्षति पहुँचती है, साथ ही खेत की मिट्टी के लाभदायक सूक्ष्म जीवाणु मर जाते हैं। भूमि गर्म हो जाने से उर्वरता घट जाती है। इसलिए किसानों से अपील की गई है कि गेहूँ की कटाई के बाद नरवाई न जलाएँ। नरवाई जलाना दण्डनीय अपराध है।

फसल के अवशेष जलाने से फैलने वाले प्रदूषण पर अंकुश, अग्नि दुर्घटनाएँ रोकने एवं जान-माल की रक्षा के उद्देश्य से नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के दिशा-निर्देशों के तहत कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री आशीष सिंह द्वारा पूर्व में ही आदेश जारी कर जिले में गेहूँ की नरवाई इत्यादि जलाने पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया जा चुका है।

आदेश का उल्लंघन करने पर भारतीय दण्ड विधान की धारा-188 के तहत कार्रवाई होगी। साथ ही किसी ने अवशेष जलाए तो उसे पर्यावरण मुआवजा भी अदा करना होगा। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि दो एकड़ से कम भूमि धारक को 2500 रूपए प्रति घटना, दो एकड़ से अधिक व पाँच एकड़ से कम भूमि धारक को पाँच हजार रूपए प्रति घटना एवं पाँच एकड़ से अधिक भूमि धारक को 15 हजार रूपए प्रति घटना पर्यावरण मुआवजा देना होगा।

हार्वेस्टर मशीन संचालकों को हार्वेस्टर के साथ अनिवार्यतः स्ट्रारीपर (भूसा बनाने की मशीन) लगाकर कटाई करनी होगी। यदि कोई कृषक बिना स्ट्रारीपर के फसल काटने के लिये दबाव डालता है तो उसकी सूचना संबंधित पुलिस थाने, ग्राम पंचायत सचिव या ग्राम पंचायत निगरानी अधिकारी को देना होगी।

उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास ने बताया कि नरवाई जलाने से भूमि में अम्लीयता बढती है, जिससे मृदा को अत्यधिक क्षति पहुँचती है । सूक्ष्म जीवाणुओं की सक्रियता घटने लगती है एवं भूमि की जलधारण क्षमता पर भी विपरीत प्रभाव पडता है । कम्बाईन

## सामुदायिक भोज, लंगर या दावत में शामिल होने पर उम्मीदवार के व्यय - लेखा में शामिल होगा पूरा खर्च

इंदौर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के मुताबिक यदि चुनाव लड़ने वाला अभ्यर्थी मतदाताओं से मिलने के लिए किसी सामुदायिक भोज या लंगर में शामिल होता है तो ऐसे सामाजिक समारोह पर किया गया व्यय अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय के रूप में माना जायेगा और इसे उसके निर्वाचन व्यय लेखा में जोड़ा जायेगा।

आयोग ने कहा है कि निर्वाचकों से मिलने के लिए आयोजित किये गये ऐसे सामुदायिक भोज के कार्यक्रम भले ही किसी नाम से बुलाये गये हों अथवा खुद अभ्यर्थी या किसी अन्य व्यक्ति द्वारा ही क्यों न आयोजित किये गये हों यदि अभ्यर्थी उसमें भाग लेता है तो इस पर होने वाले खर्च को अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय में शामिल किया जायेगा।

निर्वाचन आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि यह निर्देश धार्मिक समुदायों द्वारा अपने संस्थानों के अंदर प्रथागत तौर पर आयोजित लंगर, भोज या कोई समारोह जैसे शादी, मृत्यु आदि के सामान्य भोज पर लागू नहीं होगा। जबकि यह अभ्यर्थी को छोड़कर किसी व्यक्ति द्वारा आयोजित किया गया हो। ऐसे सामुदायिक भोज, लंगर, दावत आदि पर किये गये व्यय को अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय में शामिल नहीं किया जायेगा बशर्ते कि अभ्यर्थी उसमें सामान्य आगंतुक के रूप में भाग लेता हो।

आयोग ने निगरानी दलों एवं निर्वाचन अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिये है कि ऐसे सामुदायिक भोज आदि में अभ्यर्थी ने कोई वित्तीय योगदान नहीं दिया हो और किसी भी तरीके से ऐसे सामुदायिक भोज में किसी तरह का राजनैतिक अभियान न चलाया गया हो।

## इंदौर स्मार्ट सिटी कंपनी द्वारा चार साल पहले 20 करोड़ रुपये की लागत से देश का दूसरा स्लज हाइजिनेशन प्लांट कबीटखेड़ी में तैयार किया था...




इंदौर। इंदौर स्मार्ट सिटी कंपनी द्वारा चार साल पहले 20 करोड़ रुपये की लागत से देश का दूसरा स्लज हाइजिनेशन प्लांट कबीटखेड़ी में तैयार किया था। इसके लिए अहमदाबाद के भाभा एटामिक संस्थान द्वारा कोबाल्ट सोर्स भी निश्शुल्क दिया गया। स्मार्ट सिटी कंपनी का दावा इस प्लांट से 1500 केसीआइ कोबाल्ट का उपयोग कर 100 टन प्रतिदिन स्लज का उपचार कर बायो खाद बनाने का था। हकीकत यह है कि 125 केसी कोबाल्ट का उपयोग कर स्मार्ट सिटी कंपनी प्रतिदिन पांच टन बायो खाद भी तैयार नहीं कर पा रही है। तय क्षमता के अनुसार खाद तैयार नहीं कर पाने की वजह यह है कि इस प्लांट में स्लज को सुखाने के लिए बेहतर सिस्टम नहीं है। इससे गर्मी के तीन माह में ही प्लांट में स्लज से खाद पांच टन प्रतिदिन क्षमता के अनुसार तैयार होता है और शेष नौ माह क्षमता कम रहती है और वर्षाकाल में तो उत्पादन बंद ही रहता है।

कबीटखेड़ी के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से निकलने वाले स्लज में 80 से 85 प्रतिशत नमी रहती है, जबकि खाद के निर्माण के लिए उपचारित स्लज में 20 प्रतिशत ही नमी होना चाहिए। ऐसे में स्लज को प्लांट में अभी ड्राइंग बेड पर रखकर सुखाया जाता है। यह प्रक्रिया धीमी होती है और इसमें ज्यादा समय लगता है। एयर मैनेजमेंट सिस्टम के लिए पांच करोड़ रुपये की दरकार

स्लज को सुखाने के लिए स्मार्ट सिटी कंपनी द्वारा स्लज हाइजिनेशन प्लांट में पाली हाउस के माध्यम से ग्रीन हाउस प्रभाव तैयार करने वाला एयर मैनेजमेंट सिस्टम लगाने की योजना है। इसमें पाली हाउस बनाकर उसके नीचे स्लज जमा किया जाएगा और उसे बार-बार पलटा जाएगा। एयर सर्कुलेशन व ग्रीन हाउस प्रभाव से स्लज को सुखाया जाएगा। इस सिस्टम को तैयार करने के लिए स्मार्ट सिटी कंपनी को पांच करोड़ रुपये की जरुरत है।

इंदौर स्मार्ट सिटी कंपनी को एयर मैनेजमेंट सिस्टम बनाने के लिए सिटी इंवेस्टमेंट टु इनोवेट इंटीग्रेड एंड सस्टेंट (सिटीज 2) योजना से लोन के रूप में राशि मिलने की उम्मीद थी। केंद्र सरकार द्वारा इंदौर स्मार्ट सिटी कंपनी को आत्मनिर्भर मानकर उसे इस योजना से बाहर कर दिया गया। ऐसे में अब इंदौर स्मार्ट सिटी कंपनी के पास इसके लिए फंड नहीं है।

स्मार्ट सिटी कंपनी द्वारा इस बायो खाद को उर्वरक विक्रेता कंपनियों के माध्यम से किसानों को देने की भी योजना थी। फर्टिलाइजर कार्पोरेशन आफ इंडिया में इसके लिए स्मार्ट सिटी ने आवेदन भी किया, लेकिन अनुमति नहीं मिली। ऐसे में इस खाद का उपयोग निगम सिर्फ अपने उद्यानों में कर पा रहा है। स्लज हाइजिनेशन प्लांट फिलहाल 5 प्रतिशत क्षमता के अनुसार चलाया जा रहा है। एयर मैनेजमेंट सिस्टम के लिए हमें पांच करोड़ रुपये की जरूरत है। एमओजी लाइन व अन्य प्रोजेक्ट की जमीन की बिक्री से मिलने वाली राशि का उपयोग कर हम यह सिस्टम तैयार करेंगे।

**-दिव्यांक सिंह, सीईओ, इंदौर स्मार्ट सिटी कंपनी**

## मातृ मृत्यु दर कम करने के लिए महिलाओं को जागरूक कर रहीं इंदौर की डा. निकिता रावल




इंदौर। जागरूकता की कमी के कारण मातृ मृत्यु दर हर वर्ष बढ़ रही है। सरकार भी इसे रोकने के लिए प्रयास कर रही है, वहीं शहर की संस्थाएं भी अब इसे लेकर जागरूकता फैलाने का कार्य कर रही हैं। शहर की एक महिला डाक्टर एक वर्ष से आंगनबाड़ियों में जाकर महिलाओं को इसके लिए जागरूक कर रही हैं। हम बात कर रहे हैं डा. निकिता रावल की। वे पांच वर्षों से ईशान फाउंडेशन के माध्यम से सामाजिक कार्य कर रही हैं। डा. रावल बताती हैं कि वह 14 वर्ष इंग्लैंड में रही हैं। वहां प्रशिक्षण के दौरान बताया कि किस तरह महिलाएं स्वयं का ध्यान रखते हुए सामान्य प्रसूति पा सकती हैं। साथ ही मातृ मृत्यु दर कैसे कम की जा सकती है? वहां से भारत लौटने के बाद महिलाओं को जागरूक करना शुरू किया। मातृ मृत्यु दर में सबसे अधिक संख्या आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महिलाओं की ही होती है, क्योंकि यह जागरूक नहीं होती है, जिसके कारण कई तरह की भ्रांतियां भी इन्हें होती हैं। इसके लिए शहर की 10 आंगनबाड़ियों को गोद भी लिया है, जहां महिलाओं को जागरूक करने के लिए कार्यशाला आयोजित की जा रही है। आगे जाकर यह संख्या बढ़ा दी जाएगी। इसके अलावा अस्पताल में आने वाली महिलाओं और उनके साथ आने वाले स्वजन को भी जागरूक किया जाता है। स्तनपान को लेकर फैली भ्रांतियों को करना है दूर

डा. रावल ने बताया कि गर्भावस्था और बच्चे का जन्म किसी भी महिला के जीवन की बहुत महत्वपूर्ण कड़ी होती है। स्तनपान को लेकर आज भी कई तरह की भ्रांतियां, असमंजस और अज्ञानता समाज में फैली हुई है। इसे दूर करना बहुत जरूरी है ताकि शिशु को सही पोषण मिल सके और कई सारी बीमारियों से उसका बचाव भी हो सके। हमारा मुख्य लक्ष्य महिलाओं व बच्चों के संपूर्ण स्वास्थ्य व विकास के क्षेत्र में काम करना है।

प्रसूति के बाद मां का पहला दूध बच्चे को जरूर पिलाना चाहिए। कम से कम छह माह तक बच्चे को स्तनपान करवाना चाहिए। इसके अलावा परिवार के सदस्यों की भी जिम्मेदारी है कि वह मां के खानपान पर विशेष ध्यान दें। उन्हें पोषक खुराक देनी चाहिए। साथ ही महिलाओं को शरीर की सफाई और हाइजीन का भी ध्यान रखना चाहिए।

डा. रावल ने बताया कि स्तनपान से बच्चे की रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है। सर्दी-जुकाम से लेकर कई गंभीर बीमारियों से भी सुरक्षित रहता है। स्तनपान कराने से मां का शरीर भी स्वस्थ रहता है और स्तन कैंसर जैसी समस्याओं से भी उसका बचाव हो सकता है। वहीं आजकल सरकार की ओर से खून की कमी को दूर करने के लिए भी निश्शुल्क दवाई मिलती है। लेकिन इसके बावजूद कई महिलाएं इसका सेवन नहीं करती है। जबकि महिलाओं में यह जागरूकता होना चाहिए कि इस दवाई का सेवन करना स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होता है।




वन्दे देव उमापतिम सुरगुरुं वन्दे जगत् कारणं, वन्दे पन्नग भूषणं मृग्धरम
वन्दे पशूनाम्पतिम, वन्दे सूर्य शशांक वहिनयनम वन्दे मुकुंदप्रियम,
वन्दे भक्त जनाश्रयम च वरदम वन्दे शिवम् शंकरं !
भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर भगवान सभी को आरोग्यता प्रदान करें ।

# चुनाव प्रचार पर रखी जा रही कड़ी नजर, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की निगरानी कर रहे 20 से अधिक कर्मचारी

उज्जैन। लोकसभा निर्वाचन प्रक्रिया के तहत चुनाव प्रचार-प्रसार के दौरान आचार संहिता के नियमों का उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। पेड और फेक न्यूज़ की सतत निगरानी के लिए प्रशासनिक संकुल भवन के कक्ष क्रमांक 123 में पेड न्यूज मॉनिटरिंग सेल बनाया गया है। मीडिया सेल 18 मार्च से ही सतत निगरानी का कार्य कर रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नीरज कुमार सिंह ने जानकारी दी कि 24 घंटे पेड न्यूज़ की मॉनिटरिंग के लिए तीन पालियों में 20 से अधिक कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इस दौरान यदि प्रचार-प्रसार में आचार संहिता के नियमों का उल्लंघन किया गया तो उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ने गत दिवस निर्देश दिये कि बिना अनुमति के विज्ञापनों का प्रकाशन एवं प्रसारण



नहीं किया जा सकेगा। चुनाव लड़ रहे अभ्यर्थियों को प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया पर विज्ञापन जारी करने के पहले संबंधित रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय स्थित जिला स्तरीय एमसीएमसी से अनुमति लेना होगा। एमसीएमसी की टीम पेड न्यूज की निगरानी कर सत्यापन करते हुए व्यय लेखा समिति को जानकारी प्रस्तुत करेंगी।

### *तीन पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी*

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आदर्श आचार संहिता के पालन के तहत पेड न्यूज मॉनिटरिंग सेल में तीन पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जो कि पेड और फेक खबरों की सतत निगरानी कर रहे हैं। आचार संहिता एवं सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार का आयोग के दिशा निर्देशों का उल्लंघन होने पर कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही कर्मचारियों से कहा गया है कि मीडिया की निरंतर निगरानी करें और किसी भी प्रकार की पेड न्यूज़, भ्रामक, तथ्यहीन खबरों के साथ ही एवं आचार संहिता के उल्लंघन की खबरों पर तुरंत संज्ञान लेने के निर्देश दिए गए हैं।

### *पेड न्यूज का खर्च अभ्यर्थी के व्यय लेखा में जोड़ा जाएगा*

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के तहत एमसीएमसी पेड न्यूज के मामलों में रिटर्निंग अधिकारी के माध्यम से अभ्यर्थी को नोटिस प्रदान किया जाएगा। नोटिस का उत्तर निर्धारित समय के भीतर उत्तर संतोषजनक होने पर पेड न्यूज का प्रकरण निराकृत माना जाएगा। अभ्यर्थी का जवाब असंतोषजनक पाए जाने पर तथा जांच करने पर सही पाए जाने पर पेड न्यूज का खर्च उनके व्यय लेखा में जोड़ा जाएगा।

# पुष्करणा महिला मण्डल ने की गणगौर पूजा

## गणगौर पूजन कर पति के स्वस्थ एवं दीर्घायू की कामना की



उज्जैन। पुष्करणा महिला मण्डल एवं जहाजगली मारवाडी महिलाओं द्वारा जहाजगली में माता गणगौर एवं ईश्वर जी का पुजन किया गया।

भूमिका पुरोहित ने बताया कि गणगौर तीज के उपलक्ष्य में पुष्करणा महिला मण्डल उज्जैन द्वारा विगत 2 अप्रैल से माता गणगौर एवं ईश्वर जी का पुजन अर्चन एवं झालरे का आयोजन किया जा रहा था। इस महोत्सव के समापन दिवस पर महिला मंडल एवं जहाजगली क्षेत्र की मारवाडी महिलाओ द्वारा गणगौर का पुजन किया गया एवं अपने अपने पतियो एवं परिवार की खुशहाली की कामना कि गयी। इस अवसर पर सभी ने उत्साह पुर्वक भाग लिया एवं संध्या काल में विसर्जन किया गया। इस अवसर पर श्यामा पुरोहित, शकुन्तला लढढा, लता व्यास, मीता, प्रभा, मीना, संतोष, गौरी, प्रेरणा, शालिनी पुरोहित, मेघा, अंकिता राणा, तृप्ति, प्रीति खण्डेलवाल, भारती शर्मा, दीपा केवलिया, अक्षीता, विधि, रीति, खुशी, वैदिका आदि उपस्थिति रहे।

## राजपूत समाज के युवक युवती परिचय सम्मेलन हेतु विदेश से भी प्रविष्टियां प्राप्त

उज्जैन। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा एवं राजपूत सोशल ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में क्षत्रिय राजपूत समाज का युवक युवती परिचय सम्मेलन 14 अप्रैल को सुबह 11ः00 से शर्मा परिसर देवास रोड पर आयोजित किया जाएगा। क्षत्रिय महासभा के प्रदेश पदाधिकारी किशोर सिंह भदौरिया नरेश सिंह भदौरिया ने बताया कि सम्मेलन के मुख्य अतिथि इंदौर के उद्योगपति सुरेश सिंह भदौरिया विशेष अतिथि प्रसिद्ध कथा वाचक सुलभ शर्मा जानी गुरु एवं संत मनीष महाराज ददरौआ धाम होंगे। अध्यक्षता पूर्व आईजी डॉ रमण सिंह सिकरवार करेंगे। सम्मेलन हेतु 700 प्रविष्टियां प्राप्त हुई है जिसमें अमेरिका आस्ट्रेलिया जर्मनी से आई प्रविष्टियां भी शामिल है।

# श्रद्धा भक्ति के साथ मनाई गई भगवान मीनेश जयंती



उज्जैन। भगवान विष्णु के प्रथम अवतार भगवान मीनेश की जयंती श्रद्धा भक्ति के साथ मनाई गई। ग्राम बाढकुमेद स्थित भगवान मीनेश के मंदिर पर मीणा समाज के लोगों ने पूजन अर्चन करते हुए पुण्य लाभ अर्जित किया। यह जानकारी देते हुए मनोज मीणा ने बताया कि इस अवसर पर भेरूलाल जमीदार केसर सिंह मीणा जगदीश जमादार मानसिंह मीणा रामेश्वर मीणा मोहनलाल मीणा संतोष मीणा पिंटू मीणा रवि मीणा विकास मीणा गुरु महाराज धर्मेंद्र मीणा कमल मीणा बबलू मीणा चेतन मीना दिलीप मीणा राहुल मीणा बाबू मीणा अभय मीणा विजय मीणा अजय मीणा राजेश मीणा रोहित मीणा आदि मौजूद रहे । समाज की महिलाओं ने भगवान मीनेश का पूजन अर्चन किया सुबह से दर्शन करने का सिलसिला जारी रहा।उल्लेखनीय की पृथ्वी को जल मग्न होने से बचाने के लिए भगवान विष्णु ने पहली बार मत्स्य अवतार लिया था। भगवान मीनेश की जयंती देश भर में श्रद्धा भक्ति के साथ मनाई जाती है।

# हाथ ठेला एवं फुटपाथ व्यापारी संघ ने अपनी समस्याओं को लेकर विभाग मंत्री को दिया आवेदन

उज्जैन। हाथ ठेला एवं फुटपाथ व्यापारी संघ महाकाल उज्जैन संबद्ध भारतीय मजदूर संघ ने मुख्यमंत्री और नगरीय प्रशासन विकास विभाग के प्रमुख सचिव एवं नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गी के नाम स्ट्रीट वेंडर की समस्याओं को लेकर आवेदन दिया गया।

जिला अध्यक्ष संजय सिंह चौहान एवम जिला महामंत्री रविंद्र कार्तिक ने जानकारी देते हुए बताया कि पत्र के मध्य से पथ विक्रेता कानून 2014 और 2017 में मध्य प्रदेश गवर्नमेंट की रूल एंड स्कीम पीवीसी गठन को लेकर गई। अनिताएं नगर




निगम का जिला प्रशासन द्वारा की जा रही है। ग्रीन जोन होने के बाद भी पथ विक्रेताओं को बेदखल किया जाता है। सामान जप्त किया जाता है ।

तथा विक्रेता कानून के अनुसार आकर जोन बनाए जाने एवम ग्रीन जोन में बैठकर व्यापार करने दिए जाए ओर चार नंबर गेट महाकाल घाटी से हरसिद्धि क्षेत्र तक हेरिटेज प्राकृतिक पारंपरिक बाजार घोषित किए जाने की आवेदन देकर मांग की है।

25 सितंबर 2023 को पद विक्रेता महा पंचायत में मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा के अनुसार पद विक्रेता कल्याण बोर्ड का जल्द गठन करें। भोपाल वल्लभ भवन विधानसभा मंत्रालय में और राज्य सूचना आयोग को सूचना के अधिकार में महाकाल मंदिर समिति व नगर निगम के विरुद्ध द्वितीय अपील भी दायर की गई थी।

## हनुमान मंदिर निर्माण हेतु भूमि पूजन राजपूत बोर्डिंग धर्मशाला में तीन एयर कंडीशनर भेंट



उज्जैन। महिदपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कुकल खेड़ा में हनुमान मंदिर निर्माण हेतु विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं समाजसेवी विजय सिंह गौतम ने भूमि पूजन करते हुए 11 हजार रुपए समिति को भेंट किया। गौतम ने समिति को आश्वासन दिलाया कि आगे भी सहयोग के लिए तत्पर रहेंगे। इस दौरान गांव की महिलाओं ने अपनी समस्याएं बताई जिसका समाधान किए जाने का आश्वासन दिया गया। इसके पश्चात गौतम राजपूत बोर्डिंग धर्मशाला महिदपुर में अतिथि के रूप में शामिल हुए। राजपूत बोर्डिंग धर्मशाला के लिए तीन एयर कंडीशनर भेंट करने के साथ धर्मशाला में निर्मित किए गए कमरों का उद्घाटन किया। इस दौरान धर्मशाला के पदाधिकारी द्वारा उनका स्वागत किया गया।

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, ( म.प्र. ) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, ( म.प्र. ) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com